NNI
हर खबर पर पक्की नजर

मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया

सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष

www.nnindianews.com

वर्ष :05, अंक :-298, पृष्ठ : 12 | शुक्रवार, 08 मई, 2026 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

# आज घोषित होगा बंगाल का सीएम

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में नई बीजेपी सरकार के गठन को लेकर गृह मंत्री अमित शाह कोलकाता पहुंच गए हैं। एयरपोर्ट पर उनका स्वागत बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य, सुवेंदु अधिकारी, दिलीप घोष, राहुल सिन्हा और सुकांत मजूमदार समेत कई नेताओं ने किया।

शाह एयरपोर्ट के बाद सीधे दक्षिणेश्वर काली मंदिर गए और पूजा-अर्चना की। इसके बाद वे न्यू टाउन स्थित नोवोटेल होटल पहुंचे। न्यू टाउन के बिस्वा बांग्ला कन्वेंशन सेंटर में आज दोपहर 2 बजे बीजेपी विधायक दल की बैठक होगी, जिसमें विधायक दल के नेता का चुनाव किया जाएगा।

अमित शाह बैठक की अध्यक्षता करेंगे, जिसमें बीजेपी के सभी 207 नवनिर्वाचित विधायक शामिल होंगे। बैठक में चुना गया विधायक दल का नेता पश्चिम बंगाल का पहला बीजेपी मुख्यमंत्री बनेगा। 9 मई को ब्रिगेड परेड ग्राउंड में शपथ ग्रहण समारोह में पीएम मोदी, शाह समेत एनडीए के कई बड़े नेता शामिल होंगे।

बंगाल सीएम बनने की रेस में सुवेंदु अधिकारी सबसे आगे हैं। उन्होंने उट ममता बनर्जी को भवानीपुर से हराया है। वे नंदीग्राम से भी लगातार दूसरी बार चुनाव जीते। यहां से 2021 में उन्होंने ममता को हराया था।

## विधायक दल की बैठक में शामिल होने पहुंचे अमित शाह, शुभेंदू से की मुलाकात, शपथ ग्रहण कल



## दुष्प्रचार का सहारा ले रहीं ममता बनर्जी

भाजपा की नवनिर्वाचित विधायक पूर्णिमा चक्रवर्ती ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बंगाल अब विकास की राह पर आगे बढ़ने के लिए तैयार है। जनता ने उनका (तृणमूल कांग्रेस) खेल खत्म करर दिया है, इसलिए वह (ममता बनर्जी) अब दुष्प्रचार का सहारा ले रही हैं। उन्होंने बंगाल के भविष्य को बर्बाद किया है। जिस तरह (समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष) अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री बनकर उत्तर प्रदेश को अंधकार में धकेला, तो उन्हें प्रदेश की जनता ने नकारा और उत्तर प्रदेश विकास के रास्ते पर है। बंगाल भी विकास की राह पर आगे बढ़ेगा। कल बंगाल में एक नई सरकार बनने जा रही है। बंगाल शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग और महिलाओं के सम्मान के क्षेत्रों में सबसे आगे रहेगा।

### टीवीके की चेतावनी

# डीएमके–एआईएडीएमके में गठबंधन हुआ तो सभी विधायक देंगे इस्तीफा

**चेन्नई।** तमिलनाडु में अभिनेता विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) की सरकार बनने पर सस्पेंस बना हुआ है। इस बीच डीएमके और एआईएडीएमके के बीच गठबंधन होने की खबर है। इस पर टीवीके ने कहा कि अगर दोनों द्रविड़ पार्टियां सरकार बनाने का दावा पेश करती हैं, तो पार्टी के सभी विधायक इस्तीफा दे देंगे।

टीवीके को अब शक है कि दोनों पार्टियां सबसे ज्यादा जनसमर्थन पाने वाली पार्टी को सत्ता से बाहर करना चाहती हैं। सूत्रों के मुताबिक यह



फैसला डीएमके—एआईएडीएमके खेमों की पिछले दो दिनों में हुई दो बैठकों के बाद लिया गया।

इस बीच, टीवीके समर्थकों ने शुक्रवार सुबह गवर्नर हाउस (लोकभवन) के सामने प्रदर्शन और नारेबाजी की। पुलिस ने कई समर्थकों को हिरासत में लिया है। राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर ने गुरुवार को दूसरी बार टीवीके प्रमुख विजय के सरकार बनाने के दावे को खारिज कर दिया था। उनसे कहा कि वे बहुमत साबित करने के लिए 118 विधायकों के हस्ताक्षर लेकर ही लौटें। हालांकि, राज्यपाल ने विजय को आश्वासन दिया है कि वे किसी अन्य पार्टी को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित नहीं करेंगे।

## ओडिशा तट पर 'तारा' की परीक्षण उड़ान सफल

**भुवनेश्वर।** भारत ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। स्वदेशी रूप से विकसित ग्लाइड वेपन सिस्टम 'टैक्टिकल एडवांस्ड रेंज ऑग्मेंटेशन' (तारा) का पहला सफल परीक्षण उड़ान किया गया है।

ओडिशा तट के पास किए गए इस परीक्षण को भारतीय रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और भारतीय वायुसेना (आईएएफ) ने संयुक्त रूप से अंजाम दिया। रक्षा मंत्रालय ने इसे भारत की प्रिसिजन स्ट्राइक क्षमता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, तारा भारत का पहला स्वदेशी ग्लाइड वेपन सिस्टम है।


## बारिश से यूपी में औसत से 13 डिग्री तक गिरा पारा, अलर्ट जारी

### सोमवार से सक्रिय होगा एक और पश्चिमी विक्षोभ

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बारिश और तेज हवाओं का दौर जारी है। बीते 24 घंटों में राजधानी लखनऊ समेत तराई, पश्चिमी यूपी और बुंदेलखंड के कई इलाकों में अच्छी बारिश दर्ज की गई। सबसे अधिक 27 मिमी बारिश जालौन में हुई, जबकि महराजगंज में 23 मिमी और झांसी में 20 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई। पूर्वी और पश्चिमी दोनों संभागों में कहीं हल्की तो कहीं मध्यम बारिश हुई।

बारिश और ठंडी हवाओं के असर से तराई व पश्चिमी जिलों में मौसम में ठंडक बढ़ गई। कई जिलों में अधिकतम तापमान सामान्य से 10 से 13 डिग्री सेल्सियस तक नीचे दर्ज किया गया। हरदोई, इटावा, बरेली और नजीबाबाद में तापमान सामान्य से करीब 13 डिग्री नीचे पहुंच गया। नजीबाबाद में 25 डिग्री सेल्सियस के साथ प्रदेश का सबसे कम अधिकतम तापमान रिकॉर्ड हुआ।

मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ कमजोर पड़ गया है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार को आंधी या बारिश की कोई चेतावनी नहीं है। अगले दो दिनों में बूंदाबांदी कम होने और तापमान बढ़ने के संकेत हैं।



# अमेरिका ने सीजफायर तोड़कर ईरान पर फिर की बमबारी

## ट्रम्प बोले- डील नहीं की तो और हमले करेंगे; होर्मुज में 1500 जहाज फंसे



**तेहरान।** अमेरिकी सेना ने ईरान पर फिर बमबारी की है। ईरान ने आरोप लगाया कि अमेरिका ने सीजफायर के बीच यह कार्रवाई की। दरअसल, अमेरिकी सेना ने ओमान की खाड़ी में ईरानी तेल टैंकरों को निशाना बनाया है। इसके बाद ईरान ने बिना किसी हिचकिचाहट के करारा जवाब देने की चेतावनी दी है।

ईरानी सरकारी मीडिया के मुताबिक खातम अल-अंबिया सेंट्रल हेडक्वार्टर के प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिकी सेना ने जास्क के पास ईरानी समुद्री इलाके से होर्मुज स्ट्रेट की ओर जा रहे एक तेल टैंकर को निशाना बनाया। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान को चेतावनी दी कि अगर तेहरान डील नहीं करता तो हम फिर हमले करेंगे। सोशल मीडिया पर पोस्ट कर ट्रम्प ने बताया कि ईरान ने अमेरिकी जंगी जहाजों पर हमला किया था। इसके बाद दोनों देशों के बीच फायरिंग हुई, जिसमें हमने उन्हें बुरी तरह से तबाह कर दिया और उनकी कई छोटी नावों को डुबो दिया। हम उन्हें परमाणु हथियार रखने का अधिकार नहीं देंगे और वे इस बात पर सहमत हो गए हैं। वहीं, संयुक्त राष्ट्र की समुद्री एजेंसी क्टड के महासचिव आर्सेनियो डोमिंगेज ने कहा है कि होर्मुज संकट के कारण खाड़ी क्षेत्र में करीब 1500 जहाज फंस गए हैं। इन जहाजों के साथ लगभग 20 हजार नाविक भी फंसे हुए हैं।

**30 दिन के अस्थायी समझौते पर बातचीत:** न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका और ईरान 30 दिन तक लड़ाई रोकने और होर्मुज स्ट्रेट खोलने के प्रस्ताव पर चर्चा कर रहे हैं। इसी दौरान स्थायी डील पर बातचीत जारी रहेगी।


**ट्रम्प- अमेरिकी जहाजों पर हमला हुआ:** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि होर्मुज से गुजर रहे अमेरिकी जंगी जहाजों पर मिसाइल और ड्रोन हमले हुए, लेकिन अमेरिकी सेना ने उन्हें मार गिराया और ईरानी छोटी नावों को तबाह कर दिया।

**होर्मुज में करीब 1500 जहाज फंसे:** संयुक्त राष्ट्र की समुद्री एजेंसी के मुताबिक, होर्मुज संकट के कारण खाड़ी क्षेत्र में करीब 1500 जहाज फंसे हुए हैं। तेल, गैस और सप्लाई चेन पर असर बढ़ रहा है, जबकि सोमालिया जैसे देशों में खाद्य संकट और गहरा गया है।

**इजराइल-हिजबुल्लाह संघर्ष फिर तेज:** इजराइल ने दावा किया कि उसने हिजबुल्लाह की रदवान यूनिट के कमांडर अहमद बलूत समेत कई बड़े कमांडरों को बेरूत हमले में मार गिराया। जवाब में हिजबुल्लाह ने दक्षिणी लेबनान में इजराइली टैंक और सैन्य ठिकानों पर हमलों का दावा किया।

अमेरिका ने नए प्रतिबंध लगाए: अमेरिका ने ईरान से जुड़े नेटवर्क पर नए प्रतिबंध लगाए। इनमें इराक के डिप्टी ऑयल मिनिस्टर अली मारीज अल-बहादली और कई कंपनियां शामिल हैं। अमेरिका का आरोप है कि ये लोग तेल कारोबार के जरिए ईरान और उसके समर्थित समूहों की मदद कर रहे थे।

## आईएसआई ने दिल्ली, हरियाणा में रची आतंकी हमलों की साजिश



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई ने दिल्ली के एक ऐतिहासिक मंदिर, दिल्ली-सोनीपत राजमार्ग पर एक लोकप्रिय ढाबे और हरियाणा के एक सैन्य शिविर पर हमले की कथित साजिश रची थी। समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, सूत्रों ने शुक्रवार को इस बात की जानकारी दी।

दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल ने 'गैंग बस्ट ऑपरेशन 2.0' के तहत कई राज्यों से मॉड्यूल के नौ कथित गुर्गों को गिरफ्तार किया। इन गुर्गों से पूछताछ के दौरान यह खुलासा हुआ है। जांचकर्ताओं ने पाया कि एक आरोपी ने दिल्ली के ऐतिहासिक मंदिर की रेकी की थी। उसने परिसर की तस्वीरें पाकिस्तान स्थित आकाओं को सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से भेजी थीं। मॉड्यूल ने मंदिर पर तैनात पुलिस कर्मियों और अर्धसैनिक बलों को निशाना बनाने की साजिश रची थी। उनका इरादा दहशत और व्यवधान पैदा करने के लिए गोलीबारी करने का था।

आरोपियों को दिल्ली-सोनीपत राजमार्ग पर एक प्रसिद्ध ढाबे पर ग्रेनेड हमला करने का भी काम सौंपा गया था। इस ढाबे पर प्रतिदिन हजारों लोग आते हैं, जिससे बड़े पैमाने पर नुकसान और हताहतों की संख्या हो सकती थी। सूत्रों ने यह भी बताया कि हिसार में एक सैन्य शिविर का भी कथित तौर पर सर्वेक्षण किया गया था। इस क्षेत्र के वीडियो सीमा पार आकाओं के साथ साझा किए गए थे। उत्तर प्रदेश के कुछ पुलिस थाने भी आईएसआई की टारगेट लिस्ट में थे।

## 1600 करोड़ के फर्जीवाड़े का मास्टरमाइंड महफूज गिरफ्तार



**कानपुर।** करोड़ों रुपये के फर्जीवाड़े और हवाला नेटवर्क से जुड़े बड़े सिंडिकेट का खुलासा हुआ है। पुलिस ने कथित मास्टरमाइंड महफूज आलम उर्फ पप्पू छुरी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी फरारी के दौरान कोलकाता में एक टीएमसी नेता की पनाह में छिपा हुआ था। चुनाव परिणाम आने के बाद जैसे ही वह कानपुर लौटा, पुलिस ने उसे दबोच लिया।

मामला श्याम नगर चौकी क्षेत्र में हुई 24 लाख रुपये की लूटकांड की जांच के दौरान सामने आया। पुलिस जब लूट की रकम और उससे जुड़े खातों की पड़ताल कर रही थी, तभी करोड़ों रुपये के संदिग्ध लेनदेन का बड़ा नेटवर्क उजागर हुआ। जांच में पता चला कि महफूज आलम ने 16 अलग-अलग बैंकों में 100 से ज्यादा खातों का इस्तेमाल कर करीब 3200 करोड़ रुपये से अधिक का ट्रांजेक्शन किया। पुलिस के अनुसार इनमें से लगभग 1600 करोड़ रुपये के फर्जीवाड़े के सीधे प्रमाण मिले हैं।

पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी भोले-भाले मजदूरों, बेरोजगार युवकों और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के नाम पर फर्जी फर्म और बैंक खाते खुलवाता था। आरती इंटरप्राइजेज, राजा इंटरप्राइजेज समेत कई कंपनियों का इस्तेमाल संदिग्ध लेनदेन के लिए किया गया। इन खातों के जरिए हवाला कारोबार, जीएसटी फ्रॉड और स्लॉटर हाउस से जुड़े आर्थिक अपराधों के लिंक भी सामने आए हैं।

## आंधी-तूफान में फंसा एकनाथ शिंदे का हेलीकॉप्टर


**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का हेलीकॉप्टर कल्याण के पास आंधी-तूफान में फंस गया। हालांकि, पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए हेलीकॉप्टर को सुरक्षित रूप से वापस मुंबई के जुहू एयरपोर्ट पर लैंड कराया। हेलीकॉप्टर में सवार सभी लोग सुरक्षित हैं। घटना गुरुवार के दिन दोपहर के समय हुई। एकनाथ शिंदे शादी समारोह में जा रहे थे। उनके हेलीकॉप्टर ने उड़ान भरी, लेकिन खराब मौसम के कारण आगे नहीं जा सका। इसके बाद उन्होंने समारोह में जाने का फैसला बदल दिया।

## पानी में डूबने से दो मासूम भाइयों की मौत

**सिरमौर।** हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले से एक दुखद घटना सामने आई है, जहां दो मासूम सगे भाइयों की खड्ड में डूबने से मौत हो गई। वहीं, इस घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। जानकारी के अनुसार, यह हादसा जिले के संगड़ाह उपमंडल की नौहराधार तहसील के देवामानल गांव में हुआ। यहां छोटे भाई की जान बचाने के चक्कर में बड़े भाई की जान भी चली गई।

बताया जा रहा है कि देवामानल गांव के 2 सगे भाई, 8 साल के आयन और 9 साल अभिनव, गांव के पास खड्ड के किनारे खेल रहे थे।

## सरकारी नौकरियों में सीएम फेलो को मिलेगी उम्र में छूट



**लखनऊ।** प्रदेश के हर जिले में तैनात होने वाले सीएम फैलो को सरकारी नौकरियों में उम्र में छूट मिलेगी। इस पद के लिए योग्य युवाओं के चयन के लिए पूरी प्रक्रिया जारी की गई है। तैनाती से पहले दो हफ्ते का प्रशिक्षण कराया जाएगा। प्रयोग सफल होने पर ये संख्या बढ़ाई जाने का भी प्रस्ताव है।

प्रक्रिया के तहत प्रदेश के सभी जिलों में तैनात किए जाने वाले सीएम फेलो को सरकारी नौकरियों में आयु सीमा में छूट देने का प्रावधान किया गया है। पिछले सप्ताह यूपी कैबिनेट से इस प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद अब चयन प्रक्रिया और तैनाती व्यवस्था पर तेजी से काम शुरू हो गया है।

अपर मुख्य सचिव नियोजन आलोक कुमार के मुताबिक, इस पद के लिए चयन यूपी स्टेट ट्रांसफर्मेशन कमीशन के तहत होगा जो मेरिट आधारित होगा। कुल 100 अंकों की चयन प्रणाली बनाई गई है, जिसमें 50 अंक लिखित परीक्षा, 30 अंक अधिमानी अर्हता और 20 अंक साक्षात्कार के निर्धारित किए गए हैं। इससे केवल अकादमिक योग्यता ही नहीं, बल्कि प्रशासनिक समझ, नेतृत्व क्षमता और क्षेत्रीय कार्य अनुभव वाले युवाओं को भी मौका मिलेगा।

लिखित परीक्षा में नीति निर्माण, प्रशासनिक समझ, समसामयिक घटनाक्रम, डेटा विश्लेषण, डिजिटल गवर्नेंस और समस्या समाधान से जुड़े प्रश्न पूछे जाएंगे। अधिमानी अर्हता के तहत नीति अनुसंधान, सामाजिक क्षेत्र में कार्य अनुभव, डिजिटल टेक्नोलॉजी, डाटा मैनेजमेंट, प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग और प्रतिष्ठित संस्थानों से उच्च शिक्षा प्राप्त उम्मीदवारों को अतिरिक्त वेटेज दिया जाएगा। तैनाती से पहले चयनित फेलो को दो सप्ताह का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा।

शुरूआती चरण में सीमित संख्या में फेलो की तैनाती की जाएगी, लेकिन शासन ने संकेत दिए हैं कि प्रयोग सफल रहने पर फेलो की संख्या बढ़ाई जा सकती है। सरकारी नौकरियों में आयु सीमा में छूट का प्रावधान इस योजना का सबसे बड़ा आकर्षण माना जा रहा है।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। RNI Registration No., UPHIN/2021/88376। प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार। E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है)

NNI
हर खबर पर पक्की नजर

मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया

अपना ब्रज

www.nnindianews.com
शुक्रवार, 08 मई, 2026




# झमाझम बारिश में भीगा आगरा

## सुबह से बदला मौसम, काले घने बादलों के छाने के बाद हुई तेज बारिश

एनएनआई

**आगरा।** शुक्रवार को मौसम अचानक बदल गया और तेज बारिश शुरू हो गई। पिछले दो दिनों से बादलों की आवाजाही और ठंडी हवाओं के बीच अब हुई जोरदार बारिश ने भीषण गर्मी से लोगों को बड़ी राहत दी है। बारिश और हवा से तापमान में भी गिरावट हुई है।

मौसम विभाग के अनुसार, आज शहर का अधिकतम तापमान 33 से 34त्उ के आसपास रहने का अनुमान है, जबकि न्यूनतम तापमान 22त्उ रह सकता है। मौसम विभाग ने अगले 7 दिनों तक आंशिक बादल छाए रहने और हल्की बारिश या गरज-चमक के साथ बूंदाबांदी की संभावना जताई है। पश्चिमी विक्षोभ और स्थानीय हवाओं के असर से आगरा में तापमान सामान्य से नीचे बना हुआ है।



आने वाले सात दिनों में आगरा में मौसम सामान्य से सुहावना बना रह सकता है। मौसम विभाग के अनुसार अधिकांश दिनों में आंशिक बादल छाए रहेंगे और कुछ स्थानों पर हल्की बारिश या गरज-चमक के साथ बूंदाबांदी हो सकती है। 10 मई को मौसम साफ रहने की संभावना है, जिससे तापमान थोड़ा बढ़ सकता है। इसके बाद फिर मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है त दिनों में कई बार बादल छाने और हल्की बारिश होने के आसार हैं। हालांकि 10 मई को मौसम साफ रहने की संभावना है, जिससे तापमान में हल्की बढ़ोतरी हो सकती है। इसके बाद फिर मौसम बदल सकता है।

# भाजपा नेता के सीने में बदमाशों ने दागी गोली, हालत गंभीर

एनएनआई



**मथुरा।** पानीगांव नए पुल पर गुरुवार देर रात बाइक से लौट रहे भाजयुमो के पूर्व नगर महामंत्री को बाइक सवार युवकों ने गोली मार दी। सीने में गोली लगने से वह गभीर रूप से घायल हो गए। मामला जमीनी विवाद से जुड़ा बताया जा रहा है, हालांकि अभी किसी पर आरोप नहीं लगाए गए हैं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

वृंदावन के व्यास घेरा निवासी भाजयुमो के पूर्व नगर महामंत्री पम्मी गोस्वामी रात करीब पौने 11 बजे बाइक से वृंदावन की ओर आ रहे थे। अभी वह बाइक पर वृंदावन की ओर आ रहे थे कि अचानक करीब आधा दर्जन युवकों ने पम्मी को घेर लिया और फायरिंग कर दी।

एक गोली उनके सीने में बाईं ओर लगी। फायरिंग के बाद हमलावर भाग निकले। राहगीरों ने पम्मी को जिला संयुक्त चिकित्सालय पहुंचाया। पम्मी ने बताया कि उनका कुछ लोगों से एक जमीन को लेकर विवाद चल रहा है उन्होंने आशंका जताई है कि शायद उसी विवाद में उन पर फायरिंग की गई है। यहां से उन्हें सिटी हॉस्पिटल रेफर किया गया। कोतवाली प्रभारी संजय पांडेय ने बताया घायल पम्मी गोस्वामी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार हमलावरों की तलाश की जा रही है।

# दिल्ली-आगरा हाईवे पर सड़क हादसे में दो युवकों की मौत



एनएनआई

**मथुरा।** दिल्ली-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुरुवार देर रात सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। यह घटना थाना कोतवाली क्षेत्र की कृष्णा नगर चौकी अंतर्गत गोवर्धन चौराहा फ्लाईओवर पर रात करीब 9 बजे हुई। दुर्घटना के बाद हाईवे पर 2 किमी लंबा जाम लग गया।

आगरा की ओर जा रहे एक तेज रफ्तार लोडेड ट्रक ने आगे चल रही अपाचे बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार दोनों युवक सड़क पर गिर गए जिसके बाद ट्रक ने उन्हें बुरी तरह कुचल दिया। जिससे दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलते ही कृष्णा नगर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। देर रात तक मृतकों की पहचान नहीं हो सकी थी। पुलिस बाइक के नंबर के आधार पर उनकी शिनाख्त करने का प्रयास कर रही है।

कृष्णा नगर चौकी प्रभारी संजीव कुमार सिंह ने बताया कि दुर्घटना में शामिल ट्रक को हिरासत में ले लिया गया है और फरार चालक की तलाश जारी है। उन्होंने यह भी बताया कि हादसे के कारण हाईवे पर लंबा जाम लग गया था, जिसे पुलिस ने क्रेन की मदद से ट्रक को सड़क किनारे हटवाकर खुलवाया और यातायात को सुचारु कराया। पुलिस आरोपी चालक तक पहुंचने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है।

# प्रसव के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत, हंगामा



एनएनआई

**हाथरस।** सासनी क्षेत्र में एक नर्सिंग होम में प्रसव के दौरान एक महिला और उसके नवजात बच्चे की मौत हो गई। यह घटना गुरुवार की रात्रि में नवज्योति नर्सिंग होम में हुई। मृतक के परिजनों ने चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया।

पिंकी (28) पत्नी बंटू, निवासी कस्बा मेंडू, थाना जंक्शन, गर्भवती थीं और उनका पहला बच्चा होना था। उनका उपचार सासनी की सब्जी मंडी के निकट स्थित नवज्योति नर्सिंग होम में चल रहा था। प्रसव पीड़ा होने पर परिजन उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उन्हें भर्ती कर लिया गया।

चिकित्सक महिला के प्रसव में जुटे थे, तभी अचानक उनकी हालत बिगड़ गई। प्रसव के दौरान ही महिला की मृत्यु हो गई। इस दुखद जानकारी के बाद परिजनों में आक्रोश फैल गया। गुस्साए परिजनों ने चिकित्सक पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल में हंगामा शुरू कर दिया। काफी देर तक यह हंगामा जारी रहा। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। महिला के पति बंटू, जो कस्बा मेंडू में मोबाइल फोन की दुकान चलाते हैं, ने बताया कि डॉक्टर ने समय रहते उनकी पत्नी की बिगड़ती हालत के बारे में सूचित नहीं किया। उन्होंने आरोप लगाया कि जब उनकी पत्नी की हालत गंभीर हो गई, तब डॉक्टर उन्हें रेफर करने की बात कहने लगे। बंटू का कहना है कि इलाज में लापरवाही के कारण ही जच्चा-बच्चा की मौत हुई है।

# रात को सोने गया युवक रहस्यमयी तरीके से लापता

## चारपाई के पास मिला खून, बाइक भी सनी, पुलिस तलाश में जुटी

एनएनआई



**आगरा।** मलपुरा क्षेत्र के गांव बाईखेड़ा में शुक्रवार सुबह अचानक एक युवक रहस्यमयी तरीके से लापता हो गया। युवक जहां सोया था उसे जगह पर खून मिलने से सनसनी फैल गई। इसके बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। मौके पर फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड की टीम पहुंच गई। मामले की जांच पड़ताल शुरू की गई।

जानकारी के मुताबिक बाई खेड़ा निवासी अनीत यादव उर्फ गणेशी पुत्र चंद्रपाल सिंह उम्र करीब 30 साल बृहस्पतिवार शाम को अपने घर से 500 मीटर दूर खेतों पर बने पशुओं के बाड़े पर सोने गया था। वह हर दिन यहीं पर सोता था लेकिन सुबह शुक्रवार को जब उसकी पत्नी, पिंकी पशुओं के पास पहुंची तो उसे चारपाई के पास खून के निशान दिखाई दिए। इसके बाद चीख पुकार मच गई। आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और घटना की जानकारी पुलिस को दी गई।

पुलिस ने युवक की तलाश के लिए फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड की टीम मौके पर बुलाई और जांच पड़ताल शुरू कर दी गई। फिलहाल युवक का कोई पता नहीं लगा है। घटनास्थल से करीब 200 मीटर दूर अनीत की बाइक मिली है, जिस पर खून के निशान हैं। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद वशिष्ठ ने बताया है कि सूचना मिलने पर आसपास में युवक की तलाश की जा रही है, फॉरेंसिक और डॉग स्क्वायड की टीम भी पहुंची है।




## तेज रफ्तार पर स्पीड रडार का 'डंडा'

एत्मादपुर थाना क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेस-वे के कुबेरपुर इंटरचेंज कट पर स्पीड रडार के माध्यम से ओवर स्पीडिंग (तेज रफ्तार) से दौड़ने वाले वाहन चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। विभागीय पुलिसकर्मियों ने इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कई वाहनों पर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गई। वाहन चालकों को सड़क पर सुरक्षित चलने और यातायात के नियमों का पालन करने का पाठ भी पढ़ाया गया।

# चाबी लगी छोड़ मिस्त्री को पैसे देने लगा चालक, ऑटो लेकर फरार हुआ शातिर

**आगरा एनएनआई।** थाना एत्माद्दौला क्षेत्र में शातिर युवक ने सीएनजी ऑटो चालक को बातों में उलझाकर उसकी गाड़ी चोरी कर ली। चालक ऑटो ठीक कराने के बाद मिस्त्री को रुपए देने में व्यस्त था, तभी ऑटो में बैठा शातिर ऑटो चालू करके फरार हो गया। घटना के बाद पीड़ित ने काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिलने पर पुलिस से शिकायत की है।

फिरोजाबाद के थाना नगला सिंधी क्षेत्र स्थित गांव बासझरना धीरपुरा निवासी पिंटू कुमार सीएनजी ऑटो चलाकर परिवार का पालन-पोषण करता है। उन्होंने बताया कि 26 अप्रैल को उसने जैन मंदिर चौराहा फिरोजाबाद से रामबाग के लिए 300 रुपये में बुकिंग ली थी। ऑटो में एक महिला और दो पुरुष सवार थे। रास्ते में एक युवक ने हाथ देकर ऑटो रुकवाया और आगरा तक जाने की बात कहकर बैठ गया।

ट्रांस यमुना फेस-2 स्थित गोयल सिटी अस्पताल के सामने पहुंचते ही ऑटो के एक्सीलेटर में खराबी आ गई। इस पर वह कट के पास बने एक मिस्त्री के यहां ऑटो दिखाने लगा। इसी दौरान पहले से बैठी महिला और दो पुरुष सवारी उतर गईं, जबकि नया बैठा युवक ऑटो में ही मौजूद रहा।

मिस्त्री द्वारा ऑटो ठीक किए जाने के बाद चालक उसे रुपए देने लगा। इसी बीच शातिर युवक ने मौका पाकर ऑटो में लगी चाबी से गाड़ी स्टार्ट की तेजी से फरार हो गया। घटना के बाद उसने अपने स्तर पर ऑटो की काफी तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। पुलिस ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली है। सीसीटीवी कैमरे की मदद से चोर की तलाश की तलाश की जा रही हैं। इसके बाद एत्माद्दौला थाने में तहरीर दी गई। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

# सट्टेबाजी में हार के बाद फर्जी लूट, पार्किंग मैनेजर सहित 2 पकड़े



एनएनआई

**आगरा।** फर्जी लूट का हैरान करने वाला मामला सामने आया है। पार्किंग मैनेजर ने आईपीएल में सट्टेबाजी में रकम हारने के बाद लूट की झूठी कहानी रच दी। पुलिस की जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।ताजमहल के पूर्वी गेट के पास स्थित शिल्पग्राम पार्किंग के मैनेजर ने आईपीएल सट्टे में लाखों रुपये हारने के बाद कंपनी के 2.87 लाख रुपये की फर्जी लूट की साजिश रची। पुलिस ने जांच के बाद इस मामले का खुलासा करते हुए मैनेजर और उसके दो साथियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों से एक लाख रुपये और एक बाइक बरामद की गई है। यह घटना तब सामने आई जब प्राइम पार्किंग सर्विसेज के मालिक अमित विशन वर्मा ने थाना ताजगंज में प्राथमिकी दर्ज कराई। अमित ने बताया कि वह मुंबई महाराष्ट्र निवासी हैं और उनकी कंपनी ने शिल्पग्राम पार्किंग का ठेका लिया है। करन को मैनेजर बनाया गया था। तीन मई को करन को 2.87 लाख रुपये बैंक में जमा करने के लिए दिए थे। उसने रुपये खाते में जमा नहीं कराए और संतोषजनक जवाब भी नहीं दिया। इस पर उन्होंने पुलिस की मदद ली।डीसीपी सिटी सैयद अली अब्बास ने बताया कि दिल्ली के लक्ष्मी नगर का निवासी करन लंबे समय से सट्टा खेल रहा था। वह कंपनी के पैसे सट्टे में हार गया और उसे यह रकम चुकानी थी। इसी वजह से उसने कंपनी के पैसे का गबन करने की साजिश रची। इसमें उसने अपने पूर्व सहकर्मी भूदेव और राहुल (दोनों निवासी मलपुरा के गांव खलऊआ) को भी शामिल किया। 4 मई को करन ने पुलिस को सूचना दी कि एडीए हाइट्स के पास दो बदमाशों ने उससे कंपनी के पैसे लूट लिए हैं। पुलिस की जांच में फर्जी लूट की हकीकत सामने आ गई। जांच में पता चला कि साजिश के तहत भूदेव और राहुल ने करन की गाड़ी रोकी। बैग छीनने का नाटक किया। यह सब करन की मिलीभगत से हुआ था। वह सट्टे में हारी रकम को कंपनी के पैसे से भरना चाहता था। पुलिस ने तीनों आरोपियों को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया।

## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।

# घायल सफाईकर्मी को मदद न मिलने पर भड़के कर्मचारी, छह घंटे ठप रही सफाई व्यवस्था

एनएनआई



**आगरा।** नगर निगम के संविदा सफाई कर्मचारी को ड्यूटी के दौरान हुए सड़क हादसे के बाद आर्थिक सहायता न मिलने से यमुनापार क्षेत्र के सफाई कर्मचारियों में आक्रोश फैल गया। बुधवार को कर्मचारियों ने सुबह सात बजे से दोपहर एक बजे तक सफाई कार्य बंद कर धरना प्रदर्शन किया। बाद में अधिकारियों के आश्वासन पर प्रदर्शन समाप्त कर दिया गया।

एत्माद्दौला थाना क्षेत्र के गोकुलपुरा रजामंदी निवासी सरजू पुत्र मुकेश नगर निगम के वार्ड 67 में संविदा सफाई कर्मचारी के रूप में कार्यरत हैं। बीते 20 अप्रैल को वह एत्माद्दौला थाने के सामने सुबह करीब 10 बजे सफाई कार्य कर रहे थे। इसी दौरान यमुना ब्रिज की ओर से तेज रफ्तार में आई बुलेट बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

परिजनों के अनुसार सरजू का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। अब तक इलाज में 85 हजार रुपये से अधिक खर्च हो चुके हैं, जबकि उनकी आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर है। घायल कर्मचारी और परिजनों ने नगर आयुक्त व उप नगर आयुक्त से आर्थिक सहायता की गुहार लगाई, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिला। लापरवाही और अनदेखी से नाराज यमुनापार क्षेत्र के संविदा और स्थायी सफाई कर्मचारियों ने बुधवार सुबह नगर निगम कार्यालय पर एकत्र होकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। कर्मचारियों ने सफाई कार्य पूरी तरह बंद कर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। यूनियन पदाधिकारियों का कहना था कि सफाई कर्मचारी रोजाना जान जोखिम में डालकर काम करते हैं, लेकिन हादसे के बाद निगम प्रशासन उनकी सुध नहीं लेता। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि घायल कर्मचारी को जल्द आर्थिक सहायता नहीं मिली तो आगे बड़ा आंदोलन किया जाएगा। दोपहर में अधिकारियों द्वारा सहायता दिलाने का आश्वासन दिए जाने के बाद धरना समाप्त कर कर्मचारी काम पर लौट गए।

# चिकित्सीय संस्थानों को लेकर आमने सामने आईएमए और आवास विकास परिषद



■ नए संस्थान शुरू करने की तैयारी कर रहे लोगों में असमंजस की स्थिति बनी हुई

एनएनआई

**आगरा।** पैथोलॉजी लैब और डायग्नोस्टिक सेंटरों पर आवास विकास परिषद ने सख्ती बढ़ा दी है। परिषद की ओर से करीब 1500 चिकित्सीय संस्थानों को नोटिस जारी किए गए हैं। इनमें से कुछ संस्थानों पर शहर में सीलिंग की कार्रवाई भी की जा चुकी है। कार्रवाई के बाद निजी स्वास्थ्य क्षेत्र में चिंता बढ़ गई है।

प्रवर्तन अधिकारी जीएम खन्ना ने बताया कि आवासीय क्षेत्रों में नियमों के विपरीत संचालित हो रहे चिकित्सीय संस्थानों को नोटिस जारी किए गए हैं। परिषद की ओर से नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है और संबंधित संस्थानों से जवाब मांगा गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में नए अस्पताल, लैब और डायग्नोस्टिक सेंटर के लाइसेंस से जुड़े 198 आवेदन फिलहाल कुछ समय के लिए रोक दिए गए हैं। इससे नए संस्थान शुरू करने की तैयारी कर रहे लोगों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने इस कार्रवाई का विरोध जताया है। अध्यक्ष डॉ. पंकज नागेच ने कहा कि यदि इसी तरह अस्पतालों और लैबों पर कार्रवाई जारी रही तो डॉक्टरों को लामबंद होना पड़ेगा। उनका कहना है कि शहर में बड़ी संख्या में छोटे अस्पताल और जांच केंद्र आवासीय इलाकों में संचालित हैं, जहां लोगों को स्थानीय स्तर पर इलाज और जांच की सुविधा मिलती है।क्ष्टअ ने चेतावनी दी है कि बिना वैकल्पिक व्यवस्था के इस तरह की कार्रवाई से चिकित्सा सेवाएं प्रभावित हो सकती।मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजने की तैयारी भी की जा रही है।

# महाविद्यालय कमियों, चुनोतियों के समाधान हेतु बनाएं प्रभावी योजना : प्रो. आशु रानी

## विश्वविद्यालय से सम्बद्ध राजकीय एवं अनुदानित महाविद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक

एनएनआई

**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. आशु रानी की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध राजकीय एवं अनुदानित महाविद्यालयों के प्राचार्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक विश्वविद्यालय पालीवाल पार्क परिसर स्थित बृहस्पति भवन में आयोजित की गई।




बैठक में लगभग 22 राजकीय एवं अनुदानित महाविद्यालयों के प्राचार्यों ने सहभागिता करते हुए अपनी प्रस्तुतियाँ दीं तथा विश्वविद्यालय प्रशासन से आवश्यक सुझाव प्राप्त किए। कुलपति प्रो. आशु रानी ने सभी महाविद्यालयों को निर्देशित किया कि वे अपनी उपलब्धियों, शैक्षिक गुणवत्ता, नवाचारों एवं विशिष्ट कार्यों को प्रभावी एवं आकर्षक रूप में प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि महाविद्यालयों की प्रस्तुति में संस्थान का इतिहास, प्राचीनता, वर्तमान उपलब्धियाँ तथा भावी योजनाएँ स्पष्ट रूप से परिलक्षित होनी चाहिए।

कुलपति जी ने निर्देश दिए कि सेल्फ फाइनेंस एवं प्रबंध समिति के बजट को पृथक रूप से दशार्या जाए तथा भविष्य की आवश्यकताओं एवं संभावनाओं को भी प्रस्तुति में प्रमुखता से शामिल किया जाए। उन्होंने कहा कि पीएम उषा योजना के अंतर्गत संभावित अनुदान हेतु महाविद्यालय 100 वर्षों की विकास योजना एवं प्रस्ताव तैयार करें, जिसमें नई इमारतों, अधोसंरचना विकास एवं शैक्षिक विस्तार की योजनाओं का समावेश हो।

प्रस्तुतियों में विद्यार्थियों की उपलब्धियों, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सेमिनारों, गोष्ठियों, आउटरीच गतिविधियों तथा छात्र कल्याण योजनाओं को विशेष रूप से प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए। कुलपति जी ने कहा कि महाविद्यालयों के कार्य प्रस्तुति में स्पष्ट रूप से दिखाई देने चाहिए तथा परिसर की जीवंतता, गतिविधियों की विविधता एवं संस्थान की सक्रियता फोटो एवं आँकड़ों के माध्यम से प्रभावी रूप में प्रदर्शित की जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि सभी फोटोग्राफ जियो टैग एवं कैप्शन सहित हों तथा प्रत्येक स्लाइड में अधिकतम दो फोटो ही लगाए जाएँ।



# डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय की पोषण जागरूकता पहल बन रही प्रेरणा

## बस्तियों में सामुदायिक पोषण जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन




एनएनआई

**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के खाद्य एवं पोषण विभाग द्वारा खंदारी क्षेत्र की बस्तियों में सामुदायिक पोषण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कम्युनिटी न्यूट्रिशन पाठ्यक्रम के अंतर्गत कार्यक्रम का संचालन प्रो. अर्चना सिंह के निर्देशन में शिक्षिका डॉ. प्रिया यादव के द्वारा बी.एससी. होम साइंस षष्ठम सेमेस्टर की छात्राओं ने किया, जिसमें ज्योति चौहान, कामाक्षी सिंह एवं खुशी दिवाकर ने बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माताओं के लिए कम लागत वाले प्रोटीन एवं आयरन युक्त पोषण उत्पाद तैयार किए।

इन पोषण उत्पादों के माध्यम से सत्तू-गुड़ लड्डू, आयरन बूस्ट प्रोटीन पाउडर, बाजरा-गुड़ कुकीज एवं पौष्टिक मठरी जैसे स्वास्थ्यवर्धक खाद्य पदार्थ भी तैयार किए गए, जिन्हें समुदाय के बीच प्रदर्शित किया गया। डॉ. प्रिया यादव ने महिलाओं को जानकारी देते हुए बताया कि ये पोषण उत्पाद रसोई में उपलब्ध सामान्य सामग्रियों से पारंपरिक प्रसंस्करण विधियों द्वारा घर पर आसानी से तैयार किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि इन प्रोटीन पाउडरों को सुरक्षित रूप से संग्रहित कर बाद में विभिन्न पोषणयुक्त व्यंजन तैयार करने में उपयोग किया जा सकता है। कार्यक्रम में स्थानीय महिलाओं एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा छात्राओं द्वारा तैयार उत्पादों की सराहना की। विश्वविद्यालय की यह पहल न केवल विद्यार्थियों को सामाजिक उत्तरदायित्व से जोड़ने का कार्य कर रही है, बल्कि सामुदायिक स्वास्थ्य एवं पोषण सुधार की दिशा में भी एक प्रेरणादायी एवं प्रभावी प्रयास सिद्ध हो रही है।

# वायु प्रदूषण, आरती के लिए एक्शन प्लान बनाने के निर्देश

## बाहरी वाहनों को उत्तरी वाईपास से गुजारने की होगी पहल

एनएनआई



**आगरा।** जिलाधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण समिति/जिला पर्यावरण समिति/जिला वेटलैंड समिति / जिला गंगा समिति की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट चैंबर में संपन्न हुई।

बैठक में वायु गुणवत्ता की स्थित रिपोर्ट प्रस्तुत की गई जिसमें बताया गया कि माह अप्रैल के 30 दिनों में एक्यूआई का स्तर 200 से कम रहा जिसमें 30 दिन में 07 दिन गुड की श्रेणी में 23 दिन मॉडरेट श्रेणी में रहे। बैठक में ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबन्धन, वेजिटेबल, फ्लावर वेस्ट, कन्सट्रक्शन एण्ड डिमालिशन वेष्ट प्रबन्धन, हॉर्टिकल्चर वेस्ट हेतु सम्बन्धित विभागों को निर्देशित किया गया। बैठक में राष्ट्रीय जालमा कुष्ठ रोग संस्थान व धांधुपुरा से होकर आने वाले अपशिष्ट जल का सीधे वन भूमि से होकर सीधे यमुना में मिलने के प्रकरण को उठाया गया, जिसमें बताया गया कि जल निगम द्वारा एसटीपी बनाया जाना है, जिसमें जालमा व जल निगम के बीच एमओयू हो गया है। जिलाधिकारी ने वृक्षारोपण महा अभियान में आम जन को भी प्रेरित कर सहभागिता कराने,के लिए नगर निगम के प्रत्येक जोनल ऑफिस स्तर पर अभियान शुभारंभ के 15 दिन पूर्व से ही स्व प्रेरणा से पौधरोपण करने वाले आमजन को वृक्षारोपण के लिए पौधे गोद देने उनका रजिस्टर में रिकॉर्ड रखने के निर्देश दिए। बैठक में सीडीओ प्रतिभा सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त व राजस्व शुभांगी शुक्ला, एडीएम प्रशासन नगर आजाद भगत सिंह, डीएफओ राजेश कुमार, समिति सदस्य केसी जैन, दीपक ढल एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जेठ मास में भागवत सुन रहे वनखंडेश्वर महादेव

## मंगल कलश यात्रा संग नौ दिवसीय पहले श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ महोत्सव का शुभारंभ

एनएनआई



**मंदिरों से कलशों में भरा गया भूगर्भीय जल**

अति प्राचीन वनखंडेश्वर महादेव मंदिर पर धार्मिक आयोजन हर वर्ष होते हैं। लेकिन श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव का पहली बार आयोजन हो रहा है। मंगल कलश यात्रा में शामिल 11 सौभाग्यवती कन्याओं भारती, गुनगुन, लावांशी, नीशू, डिंपल, लवली, रजनी, मोनिका, निशा, उर्मी, गुनगुन के सिर पर विराजित कलशों में प्रत्येक मंदिर से भूगर्भीय जल भरने की धार्मिक प्रक्रिया पूरी की गई। महिलाएं समूह में मंगल गीत गाते चल रही थीं।

**एत्मादपुर।** जेठ मास में वनखंडेश्वर महादेव श्रीमद् भागवत कथा सुनने में रम गए हैं। गाजे-बाजे के साथ श्रद्धा और भक्ति भाव से ओत-प्रोत श्रद्धालुओं के नगर में पीत वस्त्रधारी कन्याओं के साथ मंगल कलश यात्रा निकाले जाने के साथ सब्जी मंडी चौराहा स्थित नगर माता पथवारी के सामने प्राचीन श्री वनखंडेश्वर महादेव मंदिर परिसर में पहले नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव का शुभारंभ हो गया। मंगल कलश यात्रा के नगर भ्रमण के बाद आरंभ हुई श्रीमद् भागवत कथा के पहले दिन ब्रज भूमि नगला परमसुख के सरस कथा वाचक मुन्ना लाल शास्त्री ने विधि विधान से भागवत पूजन कर व्यास पीठ से धर्म प्रभावना के माहौल में भागवत कराने और सुनने का महात्म्य बताकर धार्मिक ज्ञान की वर्षा शुरू की। कलश यात्रा में मंदिर के महंत नागा बाबा रामगिरी महाराज के साथ यज्ञपति गिरीश बघेल हलवाई, मीना देवी, परीक्षित सतीश कुमार, सुनीता देवी, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष श्रीमती स्वदेश बघेल, संतोष कुमार बघेल, भानुप्रभा देवी, घनश्याम, दिलीप बघेल, मिस्टर एत्मादपुर सोनू बघेल, कुलदीप बघेल, पूर्व सभासद बनवारी लाल बघेल, डीपी सिंह बघेल फौजी, कृष्णवीर सिंह जादौन, लीलाधर हलवाई, जोगेंद्र सिंह कुशवाहा भुल्ला आदि के साथ बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल शामिल थीं।

# सवालों से बचकर निकल गए सपा महासचिव शिवपाल यादव

## शिवपाल सिंह यादव का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

एनएनआई



**आगरा।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव आगरा पहुंचे। आगरा पहुंचने पर खंदौली टोल प्लाजा पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान कार्यकताओं में खासा उत्साह देखने को मिला और शिवपाल यादव के समर्थन में जमकर नारेबाजी की गई शिवपाल यादव आगरा में आयोजित निजी कार्यक्रमों में शामिल होने आए थे। उनके आगमन को लेकर पहले से ही पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा तैयारियां की गई थीं। खंदौली टोल पर बड़ी संख्या में मौजूद समर्थकों ने फूल-मालाओं के साथ उनका अभिनंदन किया।

सपा नेताओं का कहना है कि शिवपाल यादव के दौरे से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार होगा और संगठन को मजबूती मिलेगी इस दौरान उन्होंने पदाधिकारियों से फीडबैक लिया और जमीनी हालात की जानकारी ली। महानगर कमेटी के महानगर अध्यक्ष शब्बीर अब्बास, महासचिव पुष्पेन्द्र शर्मा कोषाध्यक्ष गिरीश गोयल, नरेन्द्र सिंह नन्द, रोहित नासिर एवं विजय प्रताप सिंह आदि ने उनसे मुलाकात की। महानगर कोषाध्यक्ष गिरीश गोयल ने शिवपाल यादव को ज्ञापन के रूप में व्यापारियों के हित में मांग रखी कि आगामी विधानसभा चुनाव में व्यापारियों के लिए पेंशन देने का मुद्दा घोषणा पत्र रखा जाए। मौजूद पत्रकारों ने उनसे विधानसभा चुनाव और पार्टी की रणनीति को लेकर सवाल किए, लेकिन शिवपाल यादव हाथ जोड़कर बात करने से इनकार करते नजर आए। उन्होंने किसी भी सवाल का जवाब नहीं दिया।



# अब खुद भरें जनगणना फार्म

## 21 मई तक ऑनलाइन उपलब्ध रहेगी स्व-गणना सेवा

एनएनआई



**आगरा।** उत्तर प्रदेश में जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत नागरिकों के लिए बड़ी डिजिटल सुविधा शुरू कर दी गई है। अब लोग घर बैठे स्वयं अपनी जनगणना संबंधी जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे। मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना चरण के अंतर्गत यह स्व-गणना सुविधा आज से 21 मई 2026 तक उपलब्ध रहेगी। इस पहल का शुभारंभ कलक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी मनीष बंसल ने किया। इस दौरान नगर जनगणना अधिकारी एवं अपर नगर आयुक्त शिशिर कुमार भी मौजूद रहे।

नगर जनगणना अधिकारी शिशिर कुमार ने बताया कि स्व-गणना प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और डिजिटल बनाने के उद्देश्य से यह सुविधा शुरू की गई है। अब नागरिकों को गणनाकर्मी के आने का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। वे स्वयं अपने परिवार और आवास से जुड़ी जानकारी ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज कर सकेंगे।

उन्होंने बताया कि पोर्टल पर सभी आवश्यक विवरण भरने और सबमिट करने के बाद प्रत्येक परिवार को एक यूनिक प्रदान की जाएगी। यह आईडी भविष्य में सत्यापन और अन्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं के लिए बेहद महत्वपूर्ण होगी, इसलिए इसे सुरक्षित रखना आवश्यक है।

**डिजिटल इंडिया की दिशा में बड़ा कदम**

जिलाधिकारी मनीष बंसल ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में स्व-गणना करने की अपील की। उन्होंने कहा कि समय रहते सही जानकारी दर्ज करने से जनगणना का कार्य अधिक सटीक और व्यवस्थित तरीके से पूरा किया जा सकेगा।

उन्होंने कहा कि यह पहल डिजिटल इंडिया अभियान को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे पारदर्शिता बढ़ेगी और आंकड़ों की शुद्धता सुनिश्चित होगी। प्रशासन ने सभी नागरिकों से निर्धारित अवधि के भीतर अपनी जानकारी ऑनलाइन भरने का आग्रह किया है, ताकि जनगणना 2027 का प्रथम चरण सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

### कैसे करें स्व-गणना?

आधिकारिक पोर्टल पर जाएँ, अपने मोबाइल नंबर से ओटीपी द्वारा लॉगिन करें, अपना राज्य, जिला और स्थानीय विवरण चुनें, डिजिटल मानचित्र पर अपने घर का स्थान चिन्हित करें, मकान एवं परिवार से संबंधित जानकारी भरें।

सबमिशन के बाद एसई आईडी मिलेगी, एसई आईडी सुरक्षित रखें, प्रगणक आने पर एसई आईडी दें, प्रगणक जानकारी की पुष्टि करेंगे। जिलाधिकारी ने इससे लाभ के बारे में बताया कि इससे समय की बचत, सटीक जानकारी, तेज डेटा प्रसंस्करण होगा, याद रखें स्व-गणना एक विशेष सुविधा है, यदि आप स्व-गणना नहीं कर पाते हैं, तो चिंता न करें, निर्धारित अवधि में प्रगणक आपके घर आकर जानकारी दर्ज करेंगे, आपकी सभी जानकारी पूरी तरह गोपनीय और सुरक्षित रहेगी।



## मंडलायुक्त ने भी की स्वगणना की अपील

**आगरा एनएनआई।** भारतीय जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अन्तर्गत स्व-गणना शुरू हो गई है, जो 27 मई तक चलेगी। इस अभियान के अन्तर्गत आयुक्त, आगरा मण्डल, आगरा नगेन्द्र प्रताप ने अधिकारिक वेबसाइट पर जाकर स्व-गणना प्रक्रिया के तहत पूर्ण विवरण दर्ज कर अपना फॉर्म सबमिट किया और स्व-गणना का शुभारंभ किया। इस दौरान जिला जनगणना अधिकारी शुभांगी शुक्ला, अपर आयुक्त कंचन शरन, अपर आयुक्त मंजूलता आदि मौजूद रहे। मण्डल आयुक्त ने आगरा मण्डल के लोगों से अपील करते हुए कहा कि मैंने स्व-गणना प्रक्रिया में भाग लेकर भारतीय जनगणना और देश के विकास के लिए आवश्यक पुनीत कार्य में सहयोग कर दिया है अब आपकी बारी है। आप भी इस पुनीत कार्य में सहयोग कर देश के विकास में भागीदार बनें।



## राज्यसभा सांसद नवीन जैन ने भी किया शुभारम्भ

**आगरा एनएनआई।** राज्यसभा सांसद नवीन जैन ने आगरा कमला नगर स्थित में मतगणना के प्रथम चरण के अंतर्गत स्वगणना प्रक्रिया हेतु निर्धारित प्रपत्र भरकर औपचारिक रूप से प्रक्रिया का शुभारम्भ किया। यह कार्यवाही तहसीलदार सदर श्री अनिल चौधरी की उपस्थिति में संपन्न हुई, जहां प्रशासनिक दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी आवश्यक औपचारिकताएँ पूर्ण की गईं।



## राष्ट्रीय लोक अदालत कल, प्रचार वाहन रवाना

**आगरा एनएनआई।** राष्ट्रीय लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजय कुमार मलिक के द्वारा हरी झंडी दिखाकर प्रचार वाहन को आगामी 9 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से आज प्रचार-प्रसार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह प्रचार वाहन जनपद के विभिन्न शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व, लाभ एवं इसमें निस्तारित किए जाने वाले वादों के संबंध में आमजन को जानकारी प्रदान करेगा। प्रचार वाहन के माध्यम से लोगों को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने के लिए जागरूक किया जाएगा।

# सपा नेताओं ने उठाई स्मार्ट मीटर की समस्याएं



**आगरा एनएनआई।** ग्रामीण क्षेत्रों में लगाए गए प्रीपेड एवं स्मार्ट मीटरों से उत्पन्न समस्याओं को लेकर रामजीलाल सुमन एवं जिला अध्यक्ष ऊदल सिंह कुशवाहा के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड आगरा की प्रबंध निदेशक श्रुति सिंह से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।

राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन ने कहा कि विद्युत विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में लगाए गए प्रीपेड स्मार्ट मीटरों के कारण उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बिजली बिलों में अनियमितता, बिना जानकारी बैलेंस कटना, बार-बार विद्युत आपूर्ति बाधित होना एवं रिचार्ज संबंधी समस्याओं से आम जनता और किसान परेशान हैं। समाजवादी पार्टी द्वारा लगातार इस व्यवस्था का विरोध करते हुए स्मार्ट मीटर हटाने की मांग की जाती रही है। जिला अध्यक्ष ऊदल सिंह कुशवाहा ने कहा समाजवादी पार्टी ने मांग की कि जब से यह प्रीपेड स्मार्ट मीटर व्यवस्था लागू की गई थी, तब से लेकर वर्तमान तक इन मीटरों के आधार पर जारी किए गए समस्त विद्युत बिलों को पूर्ण रूप से माफ किया जाए। साथ ही जनता की शिकायतों का तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जाए।

प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश सचिव लाला गुर्जर, जिला महासचिव संतोष पाल बघेल, जिला उपाध्यक्ष पवन प्रजापति, डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान, वरिष्ठ नेता देवेंद्र यादव, युवजन सभा जिला अध्यक्ष योगेश यादव प्रधान, जिला उपाध्यक्ष राजपाल बाबा, जिला उपाध्यक्ष लोकमन लोधी सुरेश दिवाकर, शरीफ मलिक सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एफएसडीए ने तेल, रिफाइंड, घी के 17 नमूने लिए

एनएनआई

**आगरा।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा विशेष छापामार एवं जांच अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में सहायक आयुक्त (खाद्य) के निर्देशन में जनपद की विभिन्न टीमों द्वारा विशेष प्रवर्तन कार्यवाही करते हुए कुल 17 खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित कर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गए। अभियान के दौरान विभिन्न प्रतिष्ठानों से रिफाइंड सोयाबीन ऑयल, सरसों तेल, घी, ग्राउंडनट ऑयल, सनफ्लॉवर ऑयल, कच्ची घानी सरसों तेल एवं नारियल तेल आदि के नमूने लिए गए।

कार्यवाही के दौरान संदिग्ध खाद्य पदार्थों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए लगभग 09 किलोग्राम/लीटर खाद्य तेल एवं घी को जब्त किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 2,521 रुपये आंकी गई है। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा बताया गया कि प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत संबंधित खाद्य कारोबार कर्ताओं के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जाएगी। विभाग द्वारा जनपदवासियों को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने हेतु अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।



# बाह में स्टेडियम की चिन्हित जमीन का एसडीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण

एनएनआई

**बाह।** स्टेडियम के लिए बाह के उगनपुरा गांव में अधिग्रहीत जमीन का एडीएम नागरिक आपूर्ति अजय नरायन सिंह के नेतृत्व में प्रशासन और युवा कल्याण विभाग की टीम ने 2 मई को स्थलीय निरीक्षण किया था। जिसमें 6.11 एकड़ जमीन मौके पर मिली थी। रास्ते आदि में आ रही तकनीकी दिक्कत का भी समाधान हो गया था। युवा कल्याण अधिकारी रवी कुमार ने अधिग्रहीत जमीन की भौगोलिक स्थिति को स्टेडियम के लिए अनुकूल बताया था। ब्रहस्पतिवार को नवागत एसडीएम विनोद कुमार ने तहसीलदार संपूर्ण कुलश्रेष्ठ, नायब तहसीलदार सुधीर गिरी के साथ अधिग्रहीत जमीन का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के साथ ही स्टेडियम निर्माण की प्रक्रिया में तेजी आने की उम्मीद है। स्टेडियम की 40 साल पुरानी मांग को पूरी होने की उम्मीद युवा प्रतिभाएं लगाए बैठी हैं। बाह की विधायक पक्षालिका सिंह ने बताया कि पहले 200 मीटर के ट्रैक का प्रस्ताव था, सेना की भर्ती की तैयारी करने वाले एवं एथलीटों की सहूलियत के लिए 400 मीटर का ट्रैक बनाए जाने के लिए रिव्यू प्रस्ताव तैयार कराया है। प्रशासन से जल्द प्रस्ताव भेजे जाने एवं शासन से अनुमोदन कराने को प्रयासरत हैं। बताते चलें कि बाह की माटी में जन्में अर्जुन पुरस्कार विजेता विजय सिंह चौहान, अजीत भदौरिया, ओलंपियन अंकित शर्मा, एशियाड गोल्ड मेडलिस्ट मायाराम शर्मा, रतन सिंह भदौरिया आदि ने दुनिया में देश का मान बढ़ाया है। स्टेडियम के अभाव में खेल प्रतिभाओं को अभ्यास और आगे बढ़ने के पर्याप्त अवसर नहीं मिल पा रहे हैं।



# कहासुनी में दो पक्ष भिड़े

## जमकर चले दोनों ओर से लाठी-डंडे चले, पांच घायल



एनएनआई

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद क्षेत्र के छतरियापुरा गांव में गुरुवार देर शाम कहासुनी को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ओर से लाठी-डंडे चलने लगे। घटना में दोनों पक्षों के पांच लोग घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव में किसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई थी। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और मारपीट शुरू हो गई। झगड़े में एक पक्ष से उषा पत्नी ग्याप्रसाद, ग्याप्रसाद पुत्र बीरी सिंह और निहाल देवी पत्नी भीमसेन घायल हो गए। वहीं दूसरे पक्ष से वीरेंद्र पुत्र हीरालाल तथा गोविंद पुत्र नवाब सिंह घायल बताए गए हैं।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहाबाद में भर्ती कराया। गंभीर रूप से घायल कुछ लोगों को बेहतर इलाज के लिए आगरा रेफर किया गया।

घटना के बाद गांव में कुछ देर के लिए तनाव का माहौल बन गया, हालांकि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित कर लिया। थाना प्रभारी तरुण धीमान ने बताया कि मारपीट में घायल लोगों को अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है तथा पूरे मामले की जांच की जा रही है। शिकायत मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### बिक्रमपुर में बवाल होमगार्ड समेत 13 घायल

**बाह एनएनआई।** बिक्रमपुर में कहासुनी के बाद युवक को पीटे जाने पर बवाल हो गया। मारपीट और पथराव में होमगार्ड समेत 13 लोग घायल हुए हैं। मौके पर पहुंची बाह पुलिस ने स्थिति को संभाला और घायलों को इलाज के लिए के अस्पताल में भर्ती कराया। बिक्रमपुर के राजेन्द्र सिंह ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा अरुण घर के दरबाजे पर खड़ा था। रात 10 बजे के करीब होमगार्ड लायक सिंह पक्ष से कहासुनी हो गई थी। जिस पर अरुण के साथ मारपीट कर दी थी। अरुण जान बचा कर घर में घुसा तो हमलावर घर में घुस आए और लाठी डंडों से हमला कर दिया। भगदड़ और चीख पुकार के बीच जमकर पथराव किया, जिससे वह, पत्नी कालिंद्री, बेटा अरुण, अक्षय, भाई प्रेमपाल, उसकी पत्नी श्यामसखी, श्रीनिवास का बेटा विजय, बेटी रोशनी, प्रेमशंकर घायल हो गए। वहीं होमगार्ड लायक सिंह ने पुलिस को बताया कि कहासुनी के बाद विवाद में दूसरा पक्ष हमलावर हो गया, उन्होंने पथराव किया।

# नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

एनएनआई

**फतेहाबाद।** थाना डौकी पुलिस ने नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को मुखबिर की सूचना पर बिसारना अंडरपास से दबोच लिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 मई 2026 को पीड़ित पिता ने थाना डौकी में तहरीर देकर बताया था कि उसकी नाबालिग पुत्री कोचिंग जाने के लिए घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। आरोप लगाया गया कि शिवा उर्फ शिवम पुत्र अशोक उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। काफी तलाश के बाद भी किशोरी का कोई सुराग नहीं मिला।इस मामले में थाना डौकी में मुकदमा संख्या 082/26 धारा 137(2)/87 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस आयुक्त एवं पुलिस उपायुक्त पूर्वी जोन के निर्देशन में सहायक पुलिस आयुक्त फतेहाबाद के नेतृत्व में आरोपी की गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए।पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए 3 मई 2026 को किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया था। वहीं बुधवार को आरोपी शिवा उर्फ शिवम पुत्र अशोक निवासी बड़ा कछपुरा, थाना डौकी, जिला आगरा उम्र करीब 21 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया गया।



पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ धारा 137(2)/87/65(1) बीएनएस तथा 3/4 पोक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है।गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष सुनीत शर्मा, उपनिरीक्षक मोहित सिंह चौहान, कांस्टेबल अतुल कुमार, आरक्षी अभिषेक एवं आरक्षी हर्ष कुमार शामिल रहे।

# फतेहाबाद तहसील में स्व-गणना अभियान का शुभारंभ



**फतेहाबाद एनएनआई।** तहसील फतेहाबाद में गुरुवार को स्व-गणना अभियान का शुभारंभ उप जिलाधिकारी फतेहाबाद स्वाति शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में विधायक पुत्र महेंद्र सिंह वर्मा सहित कई ग्राम प्रधान मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने स्वयं अपना स्व-गणना प्रपत्र भरकर अभियान की शुरूआत की। फील्ड ट्रेनर मधुकांत शास्त्री एवं इंदर कुमार चंदानी ने प्रतिभागियों को प्रपत्र भरने की प्रक्रिया की विस्तारपूर्वक जानकारी दी तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस अवसर पर तहसीलदार फतेहाबाद बबलेश कुमार एवं नायब तहसीलदार फतेहाबाद प्रमोद कुमार प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। अधिकारियों ने लोगों से स्व-गणना अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है।

# अंगूठा लगवाकर राशन हड़पने का आरोप, मुकदमे की संस्तुति

एनएनआई

**फतेहपुर सीकरी।** विकासखंड फतेहपुर सीकरी के ग्राम मई बुजुर्ग में राशन वितरण में बड़े घोटाले का मामला सामने आया है। जांच में 33 राशन कार्डधारकों ने बयान देकर आरोप लगाया कि कोटेदार ने उनके अंगूठे लगवा लिए, लेकिन उन्हें अप्रैल और मई माह का राशन नहीं दिया गया। मामले की जांच के बाद पूर्ति निरीक्षक ने आरोपी उचित दर विक्रेता के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत मुकदमा दर्ज कराने की संस्तुति की है।

बताया गया कि 6 मई को पूर्ति निरीक्षक देवेंद्र वर्मा ने टीम के साथ ग्राम मई बुजुर्ग स्थित उचित दर दुकान की आकस्मिक जांच की। जांच के दौरान दुकान बंद मिली। विक्रेता के पुत्र को मौके पर बुलाया गया, लेकिन वह कोई संतोषजनक जानकारी नहीं दे सका। बाद में वीडियोग्राफी के बीच दुकान का ताला खुलवाकर स्टॉक का मिलान किया गया।

जांच में पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन स्टॉक और मौके पर मिले खाद्यान्न में भारी अंतर पाया गया। रिपोर्ट के अनुसार दुकान पर गेहूं 62.916 कुंतल, चावल 45.914 कुंतल तथा बाजरा 33.66 कुंतल कम मिला। अधिकारियों का कहना है कि खाद्यान्न खुले बाजार में बेचने और कालाबाजारी की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता।

जांच के दौरान 33 कार्डधारकों के बयान दर्ज किए गए। सभी ने आरोप लगाया कि उनसे ई-पॉश मशीन पर अंगूठा लगवा लिया गया, लेकिन राशन नहीं दिया गया। कई कार्डधारकों ने बताया कि दो-दो महीने से राशन नहीं मिला है, जबकि रिकॉर्ड में वितरण दर्शाया गया है।

पूर्ति निरीक्षक देवेंद्र वर्मा ने अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट किया है कि राशन विक्रेता द्वारा आवश्यक वस्तु (विक्रय एवं वितरण नियंत्रण) आदेश 2016 के प्रावधानों का उल्लंघन किया गया है, जो आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत दंडनीय अपराध है। जिलाधिकारी से अनुमति मिलने के बाद आरोपी राशन विक्रेता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। उक्त मामले में प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि तहरीर मिली है जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# यमुना के बीहड़ से लकड़ी का कटान

**बाह एनएनआई।** यमुना के बीहड़ से लकड़ी का अवैध कटान कर ईंट भट्ठों पर खपाए जाने का मामला उजागर होने परजैतपुर के रेंजर कोमल सिंह मौके पर जांच के लिए पहुंचे। जांच के बाद उन्होंने बताया कि लकड़ी का कटान चौरंगाबीहड़ से सटे बिक्रमपुर गांव की सीमा में हुआ है। कटान की वायरल तस्वीरें बिक्रमपुर के किसान के खेत की हैं। किसान ने बबूल के पेड़ खुद कटवाए हैं। बबूल छूट प्रजाति में होने की बजह से कोई विधिक कार्यवाही नहीं की गई है। बतादें कि यमुना के बीहड़ से लकड़ी का अवैध कटान कर ईंट भट्ठों पर खपाए जाने का खेल चल रहा है। चित्राहाट के रघुवरपुरा एवं बाह के बुढैरा गांव के यमुना के बीहड़ में लकड़ी के कटान की तस्वीरें पहले भी सामने आ चुकी हैं।



## संपादकीय

# क्षेत्रीय पार्टियों का संकट आगे क्या होगा!



एक एक करके देश की क्षेत्रीय पार्टियों के सामने संकट बढ़ता जा रहा है। इस बार विधानसभा चुनाव में दो बड़ी क्षेत्रीय पार्टियों को झटका लगा है। ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस चुनाव हार कर सत्ता से बाहर हुई है तो तमिलनाडु में एमके स्टालिन की पार्टी न सिर्फ चुनाव हारी है, बल्कि तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। इससे पहले हुए बिहार चुनाव में राष्ट्रीय जनता दल 25 सीट पर सिमट गई तो नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यू भी अब डांवाडोल स्थिति में है क्योंकि वहां भाजपा ने अपना मुख्यमंत्री बना लिया है उससे पहले हुए चुनाव में दिल्ली में आम आदमी पार्टी चुनाव हार कर सत्ता से बाहर हुई तो पंजाब में भी उसको बड़ा झटका लगा है। उसके छह राज्यसभा सांसद पार्टी छोड़ गए हैं। उससे पहले के चुनाव में ओडिशा में बीजू जनता दल 25 साल के बाद सत्ता से बाहर हुई और अब पार्टी के अंदर बिखराव साफ दिख रहा है। बिहार में नीतीश और ओडिशा में नवीन पटनायक दोनों की उम्र और सेहत साथ नहीं है। इसी तरह महाराष्ट्र में शिव सेना और एनसीपी दोनों में टूट हो गई और टूटने के बाद दोनों पार्टियां कमजोर हुई हैं। एक तरह से भाजपा के ऊपर आश्रित हुई हैं। तेलंगाना में बीआरएस और आंध्र प्रदेश में वाईएसआर कांग्रेस की स्थिति भी अच्छी नहीं है। राजनीतिक और चरमपंथी दोनों तरह के लेफ्ट का सफाया होने का संकेत है। कुछ दिन पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश के नक्सलवाद से मुक्त होने का ऐलान किया और उसके लेफ्ट पार्टियों का एकमात्र केरल का गढ़ भी ढह गया। वामपंथी पार्टियां पश्चिम बंगाल और त्रिपुरा से पहले ही साफ हो चुकी हैं। केरल में लगातार 10 साल सरकार में रहने के बाद सीपीएम के नेतृत्व वाले वामपंथी गठबंधन की करारी हार हुई है। उसे कांग्रेस नेतृत्व वाले यूडीएफ ने बड़े अंतर से हराया है। बिहार में लेफ्ट को पहले झटका लगा था और इस बार तमिलनाडु में भी लेफ्ट पार्टियां कुछ खास नहीं कर पाईं। सो, देश में लेफ्ट की राजनीति के लिए चिंता की बात है। यह लाख टके का सवाल है कि तृणमूल कांग्रेस का क्या होगा? इसमें कोई संदेह नहीं है कि ममता बनर्जी सडक पर उतर कर लड़ने वाली नेता हैं और वे आसानी से भाजपा को सरकार नहीं चलाने देंगी। जिस तरह भाजपा को ओडिशा में कोई चुनौती नहीं मिल रही है वैसा पश्चिम बंगाल में नहीं होगा। वहां ममता बनर्जी लगातार सरकार से भिड़ती रहेंगी। लेकिन उम्र उनके साथ नहीं है। दूसरे, उन्होंने भतीजे अभिषेक बनर्जी को अपना उत्तराधिकारी बनाया है लेकिन उनकी छवि वैसी नहीं है, जैसी ममता की रही है। इसलिए पार्टी के ऊपर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। गौरतलब है कि चुनाव के बीच में यह अफवाह उड़ी थी कि तृणमूल कांग्रेस के 15 सांसद भाजपा के संपर्क में हैं। उनके कुछ राज्यसभा सांसदों के भी भाजपा के संपर्क में होने की बात कही गई थी। इसके जवाब में तृणमूल ने कहा कि भाजपा के सांसद ममता बनर्जी के संपर्क में हैं।असल में चुनाव के दौरान भाजपा का यह माइंडगेम था, जिसके तहत यह साजिश थ्योरी प्रचारित की गई कि ममता बनर्जी के सांसद भाजपा के संपर्क में हैं। लेकिन अब क्या सचमुच ऐसा हो सकता है? क्या साजिश थ्योरी सही साबित हो सकती है? ध्यान रहे पश्चिम बंगाल का इतिहास ऐसा ही रहा है। लेफ्ट के लोग तो पार्टी छोड़ कर नहीं गए। लेकिन कांग्रेस के अनेक नेता पार्टी छोड़ कर गए। ममता बनर्जी की पूरी पार्टी कांग्रेस नेताओं से बनी है। इन नेताओं को सत्ता में रहने की आदत है। अगर उनको लगता है कि अब पश्चिम बंगाल में भाजपा भी कई सालों तक रहने वाली है तो वे पाला बदल सकते हैं। कहा जा रहा है कि भाजपा इसी लोकसभा में अपने सांसदों की संख्या बढ़ा कर बहुमत तक पहुंचना चाह रही है। इसलिए हैरानी नहीं होगी अगर बंगाल में ऑपरेशन लोटस शुरू हो। मुस्लिम बहुल इलाकों को छोड़ कर दूसरे इलाकों के सांसद पाला बदल सकते हैं। ममता की पार्टी के 29 सांसद हैं।




# पुरुषोत्तम मास



डॉ. शिल्पा जैन
ज्योतिषाचार्य

पुरुषोत्तम मास, जिसे अधिक मास या मलमास भी कहा जाता है, हिन्दू पंचांग में एक अत्यंत पवित्र और विशेष मास होता है। यह मास लगभग हर 2-3 साल में एक बार आता है और इसे भगवान विष्णु का विशेष मास माना जाता है। इस मास की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इस दौरान किए गए पूजा, व्रत और दान के फल हजारों मासों के बराबर माने जाते हैं। इस बार यह मास 17 मई से लगने जा रहा है।



### पौराणिक महत्व और कथा

पुरुषोत्तम मास की उत्पत्ति पंचांग में सूर्य और चंद्रमा की गति के अंतर के कारण होती है। जब सौर वर्ष और चंद्र वर्ष के दिन मेल नहीं खाते, तो यह अतिरिक्त मास आता है, जिसे अधिक मास/ मलमास कहा जाता है। हिन्दू धर्म में इसे बहुत शुभ माना जाता है। इसे भगवान विष्णु यानी पुरुषोत्तम की आराधना और आत्मशुद्धि का अवसर कहा गया है।

**पुरुषोत्तम मास में क्या करें, क्या न करें...**

**क्या करें**

इस महीने में किए गए धार्मिक कार्यों का फल अन्य महीनों की तुलना में कई गुना अधिक मिलता है।

भगवान विष्णु की उपासना: प्रतिदिन 'ॐ नमो भगवते वासुदेवाय' मंत्र का जाप करें। विष्णु सहस्रनाम या पुरुष सूक्त का पाठ करना अत्यंत लाभकारी है।

अगर सोने से पहले 1 चम्मच पिएं, तो हफ्ते में 7 किलो वजन घटेगा।अधिक जानें

**दान-पुण्य:** इस माह में दान का विशेष महत्व है। विशेषकर मालपुआ, घी, अनाज, गुड़, वस्त्र और तांबे के बर्तनों का दान शुभ माना जाता है।

**दीपदान:** शाम के समय तुलसी के पास, मंदिर में या पवित्र नदियों के किनारे दीपदान करें।

**पवित्र स्नान:** संभव हो तो सूर्योदय से पूर्व किसी पवित्र नदी में स्नान करें। यदि घर पर हैं, तो नहाने के पानी में थोड़ा गंगाजल मिलाकर स्नान करें।

**श्रीमद्भगवद्गीता कथा का श्रवण:** इस मास में श्रीमद्भगवद्गीता अथवा भागवत पुराण या रामायण का पाठ करने या सुनने से मानसिक शांति और मोक्ष की प्राप्ति होती है।

**सात्विक आहार:** भोजन में सात्विकता बनाए रखें और सादा भोजन ग्रहण करें।

**क्या न करें**

पुरुषोत्तम मास को 'मलमास' भी कहा जाता है, जिसका अर्थ है कि इसमें सांसारिक मांगलिक कार्य वर्जित होते हैं।

**मांगलिक कार्य:** इस दौरान विवाह, मुंडन, यज्ञोपवीत (जनेऊ), नामकरण और नए घर का गृह प्रवेश जैसे बड़े संस्कार नहीं किए जाते।

**नई संपदा की शुरूआत:** नया व्यवसाय शुरू करना, नया घर या वाहन खरीदना और भूमि पूजन जैसे कार्यों से बचना चाहिए।

**तामसिक भोजन का त्याग:** मांस, मदिरा, प्याज, लहसुन और नशीले पदार्थों का सेवन पूरी तरह वर्जित है। इसके अलावा शहद, राई और उड़द की दाल का सेवन भी कम करने की सलाह दी जाती है।

**क्रोध और विवाद:** मानसिक शुद्धि के लिए इस महीने में किसी की निंदा करना, झूठ बोलना या क्रोध करना वर्जित माना गया है।

**विलासिता का त्याग:** अत्यधिक विलासितापूर्ण जीवनशैली और शारीरिक सुखों के पीछे भागने के बजाय सादगी अपनानी चाहिए।

**विशेष बात:** पुरुषोत्तम मास 'अध्यात्म' का महीना है। इसे सांसारिक कार्यों से ब्रेक लेकर ईश्वर से जुड़ने का एक अवसर माना जाना चाहिए।

### 1. पुरुषोत्तम मास क्या है?

पुरुषोत्तम मास, जिसे अधिक मास या मलमास भी कहते हैं, हिन्दू पंचांग में आने वाला एक पवित्र मास है। यह मास तब आता है जब सौर और चंद्र कैलेंडर में तिथियों का मेल नहीं बैठता, इसलिए एक अतिरिक्त महीना जोड़ा जाता है। इसे भगवान विष्णु / पुरुषोत्तम का मास माना जाता है और इस मास में की गई पूजा, दान और व्रत का फल हजारों मासों के बराबर होता है।

### पुरुषोत्तम मास कब आता है?

पुरुषोत्तम मास हर 2-3 साल में एक बार आता है। वर्ष 2026 में ज्येष्ठ अधिकमास का प्रारंभः 17 मई 2026 (रविवार) से होगा और समापन 15 जून 2026 (सोमवार) को होगा।

### 3. पुरुषोत्तम मास और अधिमास व मलमास में क्या अंतर है?

**अधिमास / मलमास:** यह सामान्य नाम है जब कोई अतिरिक्त महीना चंद्र मास के अनुसार आता है।

**पुरुषोत्तम मास:** विशेष रूप से यह अधिमास भगवान विष्णु की पूजा और व्रत के लिए पवित्र माना जाता है। संक्षेप में कहा जाए तो पुरुषोत्तम मास आध्यात्मिक उन्नति का समय है। पूजा, व्रत, दान, कथा और सत्कर्म करना चाहिए, जबकि बुरे कर्म, झूठ, मांसाहार और नकारात्मक गतिविधियों से बचना चाहिए।

## निधन की अफवाहों पर भड़के शक्ति कपूर

**बोले-में पूरी तरह स्वस्थ, फर्जी खबर फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई**


मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता शक्तिकपूर ने सोशल मीडिया पर फैली अपने निधन की अफवाहों को पूरी तरह झूठा और निराधार बताया है। हाल ही में इंटरनेट पर उनके निधन से जुड़ी फर्जी खबरें वायरल हो गई थीं, जिसके बाद प्रशंसकों के बीच चिंता का माहौल बन गया था। अफवाहों के वायरल होने के बाद 73 वर्षीय शक्ति कपूर ने खुद सामने आकर स्थिति साफ की।



उन्होंने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो साझा करते हुए कहा कि वह पूरी तरह स्वस्थ और सुरक्षित हैं। वीडियो में अभिनेता ने फैंस से अपील की कि वे बिना पुष्टि किसी भी खबर पर भरोसा न करें। शक्ति कपूर ने कहा कि इस तरह की झूठी खबरें उनके परिवार, दोस्तों और चाहने वालों को मानसिक रूप से परेशान करती हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर गलत सूचना फैलाने वालों की आलोचना करते हुए इसे गैरजिम्मेदाराना हरकत बताया। अभिनेता ने यह भी संकेत दिया कि वह इस मामले में कानूनी कार्रवाई करेंगे। उन्होंने बताया कि फर्जी खबर फैलाने वालों के खिलाफ साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराने की तैयारी की जा रही है, ताकि जिम्मेदार लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कदम उठाए जा सकें। उन्होंने कहा कि डिजिटल दौर में किसी भी जानकारी को साझा करने से पहले उसकी सत्यता की जांच करना बेहद जरूरी है। अभिनेता ने लोगों से केवल आधिकारिक स्रोतों से मिली जानकारी पर भरोसा करने की अपील की। इस पूरे मामले के बाद सोशल मीडिया पर फैंस ने राहत जताई और शक्ति कपूर के अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। वहीं कई लोगों ने फर्जी खबर फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग भी की है।

## विजय वर्मा की मटका किंग का दूसरा भाग आने की घोषणा

लोकप्रिय श्रृंखला मटका किंग का दूसरा भाग जल्द दर्शकों के सामने आने वाला है। पहले भाग को मिली बड़ी सफलता के बाद निमार्ताओं ने आधिकारिक तौर पर इसके अगले भाग की घोषणा कर दी है। यह श्रृंखला पिछले दो वर्षों में मंच पर सबसे अधिक देखी जाने वाली नई कहानी आधारित श्रृंखलाओं में शामिल रही। निमार्ताओं ने सामाजिक माध्यमों के जरिए जानकारी साझा करते हुए बताया कि दूसरे भाग पर काम शुरू हो चुका है। पहला भाग वर्ष 1960 के तेजी से बदलते मुंबई शहर की पृष्ठभूमि पर आधारित था,



जिसमें महत्वाकांक्षा, सत्ता और पहचान की कहानी को प्रभावशाली ढंग से दिखाया गया था। दूसरे भाग को लेकर निमार्ताओं ने संकेत दिया कि अब कहानी में असली संघर्ष और बड़ा दांव देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि मटका का खेल अभी खत्म नहीं हुआ है और ब्रिज भट्टी का सफर आगे और रोमांचक होने वाला है। श्रृंखला को अभय कोराने ने तैयार और लिखा है, जबकि नागराज पोपटराव मंजुले ने निमार्ता, लेखक और निर्देशक की जिम्मेदारी संभाली है। पहले भाग का निर्माण सिद्धार्थ रॉय कपूर, नागराज मंजुले, गार्गी कुलकर्णी, अश्विनी सिडवानी और आशीष आर्यन ने संयुक्त रूप से किया था। विजय वर्मा इस श्रृंखला में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। उनके साथ कृतिका कामरा, साई ताम्हणकर, सिद्धार्थ जाधव, भूपेंद्र जादवत और गुलशन ग्रोवर ने भी अहम किरदार निभाए थे। इसके अलावा भारत जाधव, गिरीश कुलकर्णी, जेमी लीवर, किशोर कदम, साइरस साहूकार, अर्पिता सेठिया, संभाजी तांगड़े, इश्तियाक खान, संजीव जोतांगिया और सिमरन अश्विनी भी श्रृंखला का हिस्सा रहे।



## प्रियंका चोपड़ा और ऑरलैंडो ब्लूम नई रोमांचक फिल्म 'रीसेट' में आएंगे नजर

अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा और अभिनेता ऑरलैंडो ब्लूम जल्द ही नई सर्वाइवल थ्रिलर फिल्म 'रीसेट' में मुख्य भूमिकाओं में दिखाई देंगे। इस फिल्म का निर्देशन मैट स्मूकलर कर रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म की शूटिंग अगस्त से शुरू होने वाली है। फिल्म 'रीसेट' की कहानी एक ऐसी महिला के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसकी भूमिका प्रियंका चोपड़ा निभा रही हैं। वह घने जंगल के बीच बिना किसी याददाश्त के जागती है और उसे यह तक याद नहीं रहता कि वह वहां कैसे पहुंची। जीवित रहने के लिए उसे एक रहस्यमयी व्यक्ति पर भरोसा करना पड़ता है, जिसकी भूमिका ऑरलैंडो ब्लूम निभा रहे हैं। हालांकि, उस व्यक्ति की असली पहचान और मंशा पर भी संदेह बना रहता है। निर्देशक मैट स्मूकलर ने दोनों कलाकारों की जोड़ी की तारीफ करते हुए कहा कि उन्हें ऐसे कलाकारों की तलाश थी जिनके बीच आकर्षण और अविश्वास दोनों एक साथ दिखाई दें। उनके अनुसार, प्रियंका और ऑरलैंडो में यह खास क्षमता है कि दर्शक एक ही समय में उन पर भरोसा भी करें और शक भी। फिल्म का निर्माण जॉन होएबर और एरिक होएबर कर रहे हैं। इसके साथ ही माइकल लाजारोविच और मैथ्यू रोड्स भी निर्माण से जुड़े हुए हैं। प्रियंका चोपड़ा की निर्माण संस्था पर्पल पेबल पिक्चर्स और ऑरलैंडो ब्लूम की संस्था अमेजिंग आउल भी इस परियोजना का हिस्सा हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म का अंतरराष्ट्रीय वितरण और वित्तीय प्रबंधन फोर्टिट्यूड इंटरनेशनल संभाल रहा है। वहीं उत्तरी अमेरिका में इसके अधिकारों के लिए अलग-अलग संस्थाएं सहयोग कर रही हैं। निमार्ताओं ने कहा कि यह फिल्म रोमांच, प्रेम, रहस्य और धोखे से भरी कहानी पेश करेगी, जिसमें कई चौंकाने वाले मोड़ देखने को मिलेंगे। उनका कहना है कि प्रियंका और ऑरलैंडो के साथ इस कहानी को पर्दे पर उतारना बेहद उत्साहजनक है। प्रियंका चोपड़ा हाल ही में द ब्लफ में नजर आई थीं। इसके अलावा उन्होंने हेड्स ऑफ स्टेट और सिटाडेल जैसी परियोजनाओं में भी काम किया है। आने वाले समय में वह एस.एस. राजामौली की फिल्म वाराणसी में दिखाई देंगी। वहीं ऑरलैंडो ब्लूम को हाल में फिल्म द कट में उनके अभिनय के लिए सराहना मिली थी। वह आगे कई नई फिल्मों में भी नजर आने वाले हैं।



# घर में पांच मैचों में हार के बाद लखनऊ की पहली जीत

## मिचेल मार्श के बाद प्रिंस और शाहबाज चमके

**लखनऊ ने बारिश से प्रभावित मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए आरसीबी को नौ रन से हरा दिया। डीएलएस नियम के तहत 213 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी 19 ओवर में 203/6 ही बना सकी, जिससे एलएसजी ने सीजन की अपनी तीसरी जीत दर्ज की।**



**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जाएंट्स ने गुरुवार को खेले गए आईपीएल मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को नौ रन से हरा दिया। इकाना स्टेडियम में बारिश से प्रभावित इस मुकाबले को 19-19 ओवर का किया गया। डकवर्थ-लुईस (डीएलएस) नियम के तहत आरसीबी को 213 रन का संशोधित लक्ष्य मिला, लेकिन टीम 19 ओवर में छह विकेट पर 203 रन ही बना सकी। एलएसजी की यह मौजूदा सीजन में तीसरी जीत रही, जबकि आरसीबी को चौथी हार झेलनी पड़ी।

### आरसीबी की खराब शुरूआत, पाटीदार ने संभाली पारी

लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीबी की शुरूआत बेहद खराब रही। जैकब बेथेल केवल चार रन बनाकर मोहम्मद शमी का शिकार बने। इसके बाद प्रिंस यादव ने शानदार गेंद पर विराट कोहली को खाता खोले बिना पवेलियन भेज दिया। कोहली 46 पारियों के बाद आईपीएल में शून्य पर आउट हुए। दो विकेट महज नौ रन पर गिरने के बाद कप्तान रजत पाटीदार और देवदत्त पडिक्कल ने टीम को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने तीसरे विकेट के लिए 53 गेंदों में 95 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। पडिक्कल ने 25 गेंदों में 34 रन बनाए, जबकि पाटीदार ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 31 गेंदों पर 61 रन की शानदार पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में तीन चौके और छह छक्के लगाए। हालांकि, इसके बाद आरसीबी लगातार अंतराल पर विकेट गंवाती रही। जितेश शर्मा एक बार फिर प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे और सिर्फ एक रन बना सके।

### टिम डेविड और क्रुणाल ने जगाई उम्मीद, लेकिन जीत नहीं मिली

निचले क्रम में टिम डेविड ने तेजतर्रार बल्लेबाजी करते हुए 17 गेंदों में 40 रन बनाए, जिसमें चार चौके और तीन छक्के शामिल रहे। क्रुणाल पांड्या ने 16 गेंदों में नाबाद 28 रन बनाए, जबकि रोमारियो शेफर्ड 15 गेंदों पर 23 रन बनाकर नाबाद लौटे। इसके बावजूद आरसीबी लक्ष्य से नौ रन दूर रह गई। एलएसजी की ओर से प्रिंस यादव ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 33 रन देकर तीन विकेट झटके। शाहबाज अहमद ने दो विकेट हासिल किए, जबकि मोहम्मद शमी को एक सफलता मिली।

### मिचेल मार्श का तूफानी शतक



इससे पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए एलएसजी ने निर्धारित 20 ओवर में तीन विकेट खोकर 209 रन बनाए। मिचेल मार्श ने विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए 56 गेंदों में 111 रन की शानदार पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में नौ चौके और नौ छक्के जड़े। मार्श ने युवा बल्लेबाज अर्शिन कुलकर्णी के साथ पहले विकेट के लिए 95 रन जोड़े। अर्शिन 17 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद निकोलस पूरन ने 23 गेंदों में 38 रन की तेज पारी खेली और मार्श के साथ दूसरे विकेट के लिए 70 रन की साझेदारी की। अंतिम ओवरों में कप्तान ऋषभ पंत ने 10 गेंदों में नाबाद 32 रन ठोककर टीम को 200 के पार पहुंचाया। पंत ने अपनी पारी में चार चौके और दो छक्के लगाए। आरसीबी की ओर से जोश हेजलवुड, क्रुणाल पांड्या और रसिख सलाम को एक-एक विकेट मिला।

# भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव पिता बने

## पत्नी देविशा ने बेटी को दिया जन्म



**नई दिल्ली।** भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव पिता बन गए हैं। पत्नी देविशा शेट्टी ने बेटी को जन्म दिया है। सूर्यकुमार फिलहाल आईपीएल 2026 में मुंबई इंडियंस के लिए खेल रहे हैं। मुंबई इंडियंस का सामना रविवार को रायपुर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से होगा। अभी यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि सूर्यकुमार इस मैच में खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे या नहीं।

मुंबई इंडियंस के लिए मौजूदा आईपीएल सीजन अच्छा नहीं रहा है। टीम फिलहाल अंक तालिका में 10 मैचों में तीन जीत और सात हार के साथ छह अंक लेकर नौवें स्थान पर मौजूद है। सूर्यकुमार भी इस सीजन में कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर सके हैं। उन्होंने 10 मैचों में 145.52 के स्ट्राइक रेट से 195 रन बनाए हैं।

### 2016 में हुई थी शादी

35 साल के सूर्यकुमार यादव साल 2016 में देविशा शेट्टी से लव मैरिज की थी। दोनों की लव स्टोरी कॉलेज के दिनों से शुरू हो गई थी। सूर्यकुमार एक डांस परफॉर्मेंस के दौरान देविशा के हुनर को देखकर उन पर फिदा हो गए थे। मालूम हो कि सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में ही भारत ने इस साल मार्च में न्यूजीलैंड को हराकर टी20 विश्व कप का खिताब अपने नाम किया था। सूर्यकुमार पिछले कुछ समय से भारतीय टी20 टीम का अहम हिस्सा हैं।

### आरसीबी के खिलाफ सूर्यकुमार का खेलना तय नहीं

सूर्यकुमार यादव ने हाल ही में को मुंबई इंडियंस को अपनी कप्तानी में लखनऊ के खिलाफ जीत दिलाई थी। लखनऊ के खिलाफ मैच में टीम के नियमित कप्तान हार्दिक पांड्या चोटिल होने के कारण नहीं खेले और उनकी जगह सूर्यकुमार ने ही कप्तानी की थी। मुंबई के लिए सूर्यकुमार की कप्तानी भाग्यशाली रही थी और टीम ने लगातार तीन हार के बाद जीत का स्वाद चखा था। उनका 10 मई को रायपुर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ होने वाले मैच में खेलना तय नहीं है।

# यूरोपा लीग: एस्टन विला ने फाइनल में बनाई जगह

**बर्मिंघम।** जॉन मैकगिन और एमिलियानो बुएंडिया के शानदार प्रदर्शन की बदौलत एस्टन विला ने यूईएफए यूरोपा लीग 2026 के फाइनल में जगह बना ली। सेमीफाइनल के दूसरे लेग में विला ने नॉटिंघम फॉरेस्ट को 4-0 से हराया और 4-1 के कुल स्कोर के साथ फाइनल में जगह बनाई। एस्टन विला का सामना 20 मई को इस्तांबुल के बेसिकटास पार्क में फ्रीबर्ग से होगा। विला पार्क में खेले गए मुकाबले में मैच की शुरूआत में नॉटिंघम फॉरेस्ट ने ओमारी हचिंसन के जरिए दबाव बनाने की कोशिश की, लेकिन जल्द ही एस्टन विला ने खेल पर नियंत्रण कर लिया। पॉ टोरेस का प्रयास गोलकीपर स्टीफन ऑर्टेगा ने शानदार तरीके से बार के ऊपर भेजा, जबकि यूरी टिलेमान्स और ओली वॉटकिंस भी शुरूआती मौकों को गोल में नहीं बदल सके। पहला गोल आखिरकार वॉटकिंस ने किया। एमिलियानो बुएंडिया ने शानदार ड्रिब्लिंग करते हुए डिफेंस को छकाया और गेंद वॉटकिंस तक पहुंचाई, जिन्होंने आसान फिनिश के साथ टीम को बढ़त दिलाई। इस गोल के बाद विला का आत्मविश्वास और बढ़ गया। दूसरे हाफ में मेजबान टीम ने और तेजी दिखाई। पॉ टोरेस की शर्ट खींचने पर विला को पेनल्टी मिली, जिसे बुएंडिया ने शानदार तरीके से गोल में बदल दिया।

## शुक्रवार, 08 मई राशिफल

आज करियर और जिम्मेदारियों पर पूरा फोकस रहेगा। सीनियर्स का सहयोग मिलने से आत्मविश्वास बढ़ेगा। बातचीत में जल्दबाजी करने से बचना जरूरी है। आर्थिक स्थिति पहले से अधिक मजबूत रहेगी। मानसिक तनाव को खुद पर हावी न होने दें।

आज भाग्य और आत्मविश्वास आपका साथ देंगे। नई चीजें सीखने की इच्छा बढ़ सकती है। मेंटर्स या बुजुर्गों की सलाह लाभकारी रहेगी। आर्थिक मामलों में स्थिरता बनी रहने वाली है। रिश्तों में संवाद की कमी गलतफहमी बढ़ा सकती है।

आज भावनात्मक रूप से खुद को गहराई से समझेंगे। रिस्की निवेश से दूरी बनाकर रखना बेहतर रहेगा। करियर का दबाव थोड़ा परेशान कर सकता है। बृहस्पति का साथ आत्मबल मजबूत बनाए रखेगा। रिश्तों में स्पष्ट बातचीत करना जरूरी रहेगा।

आज रिश्तों और पार्टनरशिप पर ध्यान केंद्रित रहेगा। जीवनसाथी के साथ तालमेल बनाकर चलना जरूरी होगा। करियर में आपकी छवि मजबूत बनने वाली है। दोस्तों के सहयोग से लाभ मिलने के योग हैं। बातचीत में संवेदनशीलता नुकसान पहुंचा सकती है।

आज मेहनत और अनुशासन से सफलता मिलेगी। रुके हुए कार्य पूरे होने की संभावना है। सीनियर्स आपके काम से प्रभावित रहेंगे। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही बिल्कुल न करें। ऑफिस में विवादों से दूरी बनाकर रखें। अचानक तनाव की स्थिति बन सकती है।

आज रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलने के योग हैं। छात्रों के लिए दिन काफी लाभदायक रहेगा। करियर में सम्मान और तरक्की मिलने की संभावना है। रिश्तों में वैचारिक मतभेद उभर सकते हैं। भावनाओं और लॉजिक में संतुलन बनाए रखें। सट्टेबाजी से दूरी बनाना बेहतर रहेगा।

आज घरेलू सुख-सुविधाओं पर ध्यान रहेगा। परिवार के साथ समय बिताना अच्छा महसूस कराएगा। काम का दबाव थोड़ा बढ़ सकता है। भाग्य का पूरा सहयोग मिलने वाला है। रिश्तों में ईगो टकराव से बचना जरूरी है। जमीन-जायदाद के मामलों में सावधानी रखें।

आज आपका साहस और आत्मविश्वास बढ़ा रहेगा। छोटे भाई-बहनों का सहयोग मिलेगा। वाणी में कठोरता रिश्तों को बिगाड़ सकती है। पार्टनर के साथ संबंध मधुर बने रहेंगे। नई योजनाओं की शुरूआत के लिए समय अनुकूल है। रचनात्मक कार्यों में अनुशासन बनाए रखें।

आज धन और बचत को लेकर सतर्क रहेंगे। परिवार की जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं। बिजनेस पार्टनर से अच्छी खबर मिलने के योग हैं। घर के माहौल में थोड़ा तनाव महसूस हो सकता है। बातचीत में पारदर्शिता बनाए रखना जरूरी रहेगा। योजनाबद्ध तरीके से खर्च करना फायदेमंद रहेगा।

आज आत्मविश्वास और मानसिक स्पष्टता बढ़ेगी। कार्यस्थल पर आपकी बातों को महत्व मिलेगा। अधूरे काम पूरे करने में सफलता मिलेगी। प्रेम संबंधों में मधुरता बनी रहेगी। घर के माहौल में हलचल रह सकती है। ईगो को कंट्रोल में रखना जरूरी रहेगा।

आज मन आध्यात्म और शांति की ओर आकर्षित रहेगा। पुराने डर और चिंताएं सामने आ सकती हैं। खर्चों पर नियंत्रण रखना बहुत जरूरी है। घर में सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। किसी बड़े निवेश से फिलहाल बचें। ध्यान और मेडिटेशन मानसिक राहत देंगे।

आज सामाजिक संपर्कों से लाभ मिलने के योग हैं।करियर में नए अवसर सामने आ सकते हैं। आर्थिक स्थिति मजबूत होने के संकेत हैं। परिवार के साथ तालमेल अच्छा बना रहेगा। काम में अनुशासन सफलता दिलाएगा। नेटवर्किंग से भविष्य के रास्ते खुलेंगे।



**डॉ. शिल्पा जैन**
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# 1.42 करोड़ से होगा आगरा के प्राचीन राजेश्वर महादेव मंदिर का कायाकल्प

- भव्य प्रवेश द्वार और आधुनिक स्टोन क्लैडिंग से बढ़ेगी मंदिर की शोभा
- श्रद्धालुओं को मिलेंगी बेंच, शुद्ध पेयजल और बेहतर ड्रेनेज जैसी सुविधाएं

एनएनआई



**आगरा।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को सहेजने के लिए लगातार काम कर रही है। इसी दिशा में कदम बढ़ाते हुए अब ताजनगरी आगरा के आस्था के प्रमुख केंद्र, प्राचीन 'श्री राजेश्वर महादेव मंदिर' के पर्यटन विकास और सौंदर्यीकरण का निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप इस पूरी परियोजना पर 1.42 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे, जिससे मंदिर परिसर को एक नया, भव्य और सुविधायुक्त स्वरूप प्राप्त होगा।

इस 1.42 करोड़ रुपये की महत्वाकांक्षी योजना के तहत मंदिर में कई स्तरों पर काम किया जाएगा। योजना के अंतर्गत मुख्य मार्ग पर एक भव्य प्रवेश द्वार का निर्माण होगा। मन्दिर परिसर में आकर्षक फ्लोरिंग और स्टोन क्लैडिंग का काम किया जाएगा।

इसके अलावा, मुख्य भवन के द्वितीय तल पर फ्लोरिंग, कूड़े के निस्तारण के लिए डस्टबिन, परिसर में जल निकासी के लिए नाली का निर्माण, सोलर लाइट और बागवानी जैसे कार्य प्रमुखता से कराए जाएंगे।

उत्तर प्रदेश को धार्मिक पर्यटन का हब बनाने के लिए सरकार छोटे-बड़े सभी ऐतिहासिक स्थलों का संरक्षण कर रही है। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पर्यटन को नई दिशा देने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। जनपद आगरा स्थित राजेश्वर महादेव मंदिर का पर्यटन विकास इसी सोच का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि मंदिर परिसर और आसपास पर्यटक सुविधाओं के विकास, सौंदर्यीकरण, बेहतर मार्ग व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था और अन्य आधारभूत सुविधाओं के विस्तार से यहां आने वाले श्रद्धालुओं को अधिक सुगम और सकारात्मक अनुभव मिलेगा।

जयवीर सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य धार्मिक स्थलों को केवल आस्था तक सीमित न रखकर उन्हें स्थानीय अर्थव्यवस्था और रोजगार से भी जोड़ना है। इस प्रकार की परियोजनाओं से स्थानीय व्यापार, हस्तशिल्प, छोटे व्यवसाय और युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। आने वाले समय में राजेश्वर महादेव मंदिर क्षेत्र धार्मिक पर्यटन के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित होगा, जिससे आगरा की पर्यटन पहचान को भी नया विस्तार मिलेगा।

# श्रीलंका में कुलदीप ठाकुर और रोहित जैन का सम्मान

**कोलंबो में आयोजित किया गया यह सम्मान कार्यक्रम**



- श्रीलंका के गवर्नर और विशेष दूत ने ग्लोबल इनोवेशन लीडरशिप समिट में दिया पुरस्कार

एनएनआई

**आगरा/कोलंबो।** कोलंबो में आयोजित भारत- श्रीलंका ग्लोबल इनोवेशन लीडरशिप समिट में एसकेएम टोलवेज ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर कुलदीप ठाकुर और अहिंसा ग्रुप के रोहित जैन को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। श्रीलंका के पश्चिमी प्रांत के गवर्नर एवं राष्ट्रपति के विशेष दूत हनीफ युसूफ ने पुरस्कार प्रदान किया। कुलदीप ठाकुर को यह पुरस्कार उत्कृष्ट कार्य, दूरदर्शी नेतृत्व एवं टोल सेवाओं के क्षेत्र में निरंतर नवाचार के लिए दिया गया। पूर्व में लंदन के हाउस ऑफ लॉर्ड्स में सम्मानित हो चुके कुलदीप ने विश्वास जताया कि इसी ऊर्जा, समर्पण और नेतृत्व भावना से एसकेएम टोलवेज ग्रुप देश-विदेश में अपनी पहचान मजबूत करेगा और नए कीर्तिमान स्थापित करेगा। कुलदीप ठाकुर को भारत में कई सम्मान प्राप्त होने के साथ-साथ विदेशी धरती दुबई, मलेशिया, वियतनाम सहित विश्व स्तरीय मंचो पर सम्मानित किया जा चुका है। पूर्व में भी अभिनेता सोनू सूद, रिमी सेन, कायनात अरोरा सहित फिल्म जगत के कई दिग्गज सितारों ने सम्मानित किया है। अहिंसा ग्रुप के रोहित जैन रियल एस्टेट क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित हुए। उन्होंने कहा कि यह सम्मान पूरी टीम की मेहनत, नवाचार और ग्राहकों के विश्वास का परिणाम है।

# मां के आंचल की छांव में सजा सम्मान का उत्सव

**शी विल इंस्पायर संस्था ने मदर्स डे पर मां और सासू मां के सम्मान में आयोजित किया भावनात्मक समारोह**



**आगरा।** मां केवल एक रिश्ता नहीं, बल्कि जीवन की पहली गुरु, पहली मित्र और सबसे बड़ी प्रेरणा होती हैं। इसी भाव को आत्मसात करते हुए शी विल इंस्पायर संस्था द्वारा मदर्स डे सेलिब्रेशन का भव्य एवं भावनात्मक आयोजन गुरुवार को होटल हॉलीडे इन में किया गया। कार्यक्रम में मातृत्व, स्नेह और पारिवारिक मूल्यों का अनुपम संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ पीआई इंडस्ट्रीज की सीएसआर एवं ईएसजी हेड डॉ. अक्षिता शुक्ला तथा शिक्षाविद् निधि सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक राशि गर्ग ने कहा कि मां का प्रेम जीवन की सबसे बड़ी शक्ति है। मदर्स डे केवल एक दिन का उत्सव नहीं, बल्कि मां के त्याग, समर्पण और स्नेह के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है। पीआई इंडस्ट्रीज की सीएसआर एवं ईएसजी हेड डॉ. अक्षिता शुक्ला ने कहा कि मां का स्थान जीवन में सर्वोच्च होता है। मां केवल परिवार की आधारशिला ही नहीं, बल्कि समाज को संस्कार और संवेदनाएं देने वाली शक्ति भी हैं। उन्होंने कहा कि आज के व्यस्त जीवन में ऐसे आयोजन परिवारों को भावनात्मक रूप से जोड़ने का कार्य करते हैं। मदर्स डे हमें यह अवसर देता है कि हम अपनी मां और परिवार की वरिष्ठ महिलाओं के प्रति सम्मान और कृतज्ञता प्रकट करें। शिक्षाविद् निधि सिंह ने कहा कि मां का स्नेह व्यक्ति के व्यक्तित्व निर्माण की सबसे बड़ी पूंजी है। मां के संस्कार ही बच्चों को जीवन में सही दिशा देते हैं। उन्होंने कहा कि आधुनिक दौर में परिवारों के बीच भावनात्मक जुड़ाव बनाए रखने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम अत्यंत आवश्यक हैं। कार्यक्रम का संचालन पूजा लूथरा, कीर्ति खंडेलवाल, मीनाक्षी किशोर एवं दीपिका ने किया। आयोजन की व्यवस्थाएं अदिति, कृषिका, डॉ. भास्कर ज्योति एवं खुशबू ने संभालीं। समारोह के दौरान रानी खंडेलवाल, रागिनी गर्ग, शिखा अग्रवाल, सर्वेश गुप्ता, वीणा लूथरा, रीता विज, आभा मित्तल, बृजेश आदि माताओं ने केक काटकर मदर्स डे की खुशियां साझा कीं।






# भक्ति और जयकारों से गूंजा मोती कटरा, वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव का भव्य आगाज

- आचार्य चैत्यसागर महाराज के सान्निध्य में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, आज 501 जिनविंब होंगे विराजमान

एनएनआई



**आगरा।** श्री संभवनाथ दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर मोती कटरा में दो दिवसीय वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ गुरुवार को श्रद्धा, भक्ति एवं धार्मिक उल्लास के साथ हुआ।सर्वांगभूषण आचार्यश्री चैत्यसागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में आयोजित इस महोत्सव में प्रातःकाल से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिर परिसर जयकारों, मंत्रोच्चार और भक्तिमय वातावरण से गुंजायमान हो उठा।महोत्सव के प्रथम दिवस पर प्रातः8:00 बजे ध्वजारोहण के साथ श्री यागमंडल विधान का आयोजन किया गया, वहीं दोपहर 2:30 बजे से वास्तु विधान विधि-विधानपूर्वक सम्पन्न हुआ।धार्मिक अनुष्ठानों में महिला-पुरुषों, युवक-युवतियों एवं बच्चों ने बढ़- चढ़कर सहभागिता की।श्रद्धालुओं ने पूर्ण श्रद्धा के साथ पूजन-अर्चन कर धर्मलाभ प्राप्त किया।अपने मंगल प्रवचनों में आचार्य श्री चैत्यसागर जी महाराज ने धर्म संयम एवं आत्म कल्याण का संदेश देते हुए कहा कि जिनालय केवल पूजा का स्थान नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि और संस्कारों का केंद्र होता है।उन्होंने समाजजनों से धर्म के प्रति आस्था बनाए रखने तथा नई पीढ़ी को संस्कारवान बनाने का आह्वान किया।महोत्सव के अंतर्गत नवीन वेदी प्रतिष्ठा के साथ 1008 भगवान सुपार्श्वनाथ,भगवान पार्श्वनाथ एवं भगवान महावीर स्वामी सहित 501 जिनविम्बों के विराजमान होने का पुण्य अवसर प्राप्त हो रहा है। आयोजन समिति के अनुसार 8 मई को प्रातः 6:30 बजे से अभिषेक एवं शांतिधारा प्रारंभ होगी तथा प्रातः 9 बजे श्रीजी को वेदी पर विराजमान कराने का भव्य एवं ऐतिहासिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।कार्यक्रम के सफल संचालन में श्री अग्रवाल दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर समिति मोती कटरा के पदाधिकारियों एवं समाजसेवियों का विशेष सहयोग रहा।पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में भारी उत्साह एवं गहरी भक्ति भावना देखने को मिली। इस मौके पर राकेश जैन पदेवाले अनिल जैन,अनंत कुमार जैन,मनोज जैन,विजय जैन,सुनील जैन,संजीव जैन,समस्त मोती कटरा जैन समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे